डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.adhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



गुजरात को नेट्स पर लंबे अभ्यास सत्र का...



सिनेमाः'कभी ऐसा हुआ तो...'शादी...

वर्ष -09 अंक -53 | प्रयागराज, शुक्रवार 28 अप्रैल, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## कांग्रेस मतलब झूठी गारंटी, कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार की गारंटी... भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम विपक्ष पर बरसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रचार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कर्नाटक में 50 लाख बीजेपी कार्यकर्ताओं से वर्चुअली बातचीत की. इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ मंगलुरु में एक रैली को संबोधित करेंगे। कर्नाटक के पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान पार्टी संबंधित और चुनावों के लिए कई बड़ी बातें की। कर्नाटक भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के दौरान पीएम मोदी कहते हैं कांग्रेस मतलब झूठी गारंटी, कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार की गारंटी। कांग्रेस उस राज्य में है जहां वे कोई गारंटी नहीं दे सकते। और उनकी वारंटी भी समाप्त हो गई है। कर्नाटक बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार मिटाने में कोई रुचि नहीं ली क्योंकि वह स्वयं भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा स्रोत रही है। साल 2014 के बाद पूरा



देश देख रहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई कितनी तेजी से आगे बढ़ी है. जन-धन, आधार और मोबाइल के त्रिशूल ने भ्रष्टाचार को करारा झटका दिया है: कर्नाटक बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान पीएम मोदी

कर्नाटक के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भाजपा और अन्य पार्टियों में सबसे बड़ा फर्क अप्रोच का है। हमारे विरोधियों का एजेंडा है सत्ता हथियाना। हमारा एजेंडा है आने वाले 25 सालों में देश को विकसित बनाना, गरीबी से मुक्त करना और नौजवानों के सामर्थ्य को सबसे आगे बढ़ाना। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार मिटाने में कोई रुचि नहीं ली क्योंकि वह खुद ही भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा श्रोत रही है। साल 2014 के बाद भ्रष्टाचार से लड़ाई में कितनी तेजी आई है यह पूरा देश देख रहा है। जन-धन, आधार और मोबाइल के त्रिशुल ने भ्रष्टाचार पर बहुत बड़ा वार किया है।

पीएम मोदी ने कहा देश में पहला एम्स 1956 में शुरू हुआ और कांग्रेस ने उसका खूब श्रेय लिया लेकिन दूसरा एम्स कब शुरू हुआ इसपर कांग्रेस कुछ नहीं बोलती...यूपीए सरकार में किसी तरह 2014 तक एम्स की संख्या 7 हुई। 60 सालों में 7 एम्स बने लेकिन 9 सालों में हमने देश में एम्स की संख्या 20 कर दी। बीते 9 सालों में भारत दुनियाभर के निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बना है और डबल इंजन सरकार के कारण इसका बड़ा लाभ कर्नाटक सरकार को मिला है। अगर यहां ऐसी सरकार आएगी जो बात-बात पर केंद्र सरकार से लड़ती रहेगी, वो अपनी राजनीति करती रहेगी और सभी परियोजनाओं को लटकाती रहेगी।

कर्नाटक के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा और अन्य पार्टियों में सबसे बड़ा फर्क अप्रोच का है। हमारे विरोधियों का एजेंडा है सत्ता हथियाना। हमारा एजेंडा है आने वाले 25 सालों में देश को विकसित बनाना, गरीबी से मुक्त करना और नौजवानों के सामर्थ्य को सबसे आगे बढ़ाना। एक अनुशासित कार्यकर्ता होने के नाते मैं भी आप सभी कार्यकर्ताओं और जनता के दर्शन करने के लिए आ रहा हूं। राज्य में प्रचार करने वाले बीजेपी नेता बताते हैं कि प्रचार के दौरान उन्हें लोगों से कितना प्यार मिलता है। यह भाजपा के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है।

## पीएम मोदी के 'कांग्रेस मतलब...' वाले बयान पर बोले जयराम रमेश, निराशा और हताशा झलक रही है

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने गुरुवार को कर्नाटक में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों ने कांग्रेस को वोट दिया, वे अभी भी अपनी चुनावी गारंटियों के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की वारंटी समाप्त हो गई है और पार्टी कोई गारंटी देने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के बाद अब पीएम मोदी की 'निराशा और हताशा के कारण अपमानजनक टिप्पणी करने को मजबूर हो गए हैं। कांग्रेस के चुनावी वादे पूरे नहीं करने के पीएम मोदी के दावों पर पलटवार करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने पुरानी पेंशन योजना, 125 दिन का काम, स्वास्थ्य का अधिकार और चिरंजीवी योजना लागू की। जयराम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने किसानों की कर्जमाफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और पुरानी पेंशन योजना को पूरा किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूछा कि क्या पीएम मोदी के पास यह साबित करने के लिए कोई डेटा है कि कांग्रेस के वादे पूरे नहीं हुए। हमने 2013 में सरकार बनाई थी और 2018 तक सत्ता में थे। हमारे लगभग 100इ वादे पूरे किए गए हैं। खरगे ने कहा कि क्या उनके पास कोई आंकड़ा है? भ्रष्टाचार की बात करते हुए आप खुद भ्रष्टाचारियों को अपना प्रचारक बनाते हैं और ऐसा हम नहीं कह रहे हैं; यह कर्नाटक की जनता कह रही है। मोदीजी को झूठ को सच बनाने की कोशिश में दोहराने की आदत है, लेकिन लोग इस बात को समझ चुके हैं। इस बार, यह कर्नाटक में काम नहीं करेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### विवि ने छात्रा के साथ बलात्कार करने के आरोपी प्रोफेसर को किया निलंबित

औरंगाबाद। महाराष्ट्र में औरंगाबाद के एक विश्वविद्यालय ने अपनी छात्रा के साथ बलात्कार करने और उसके माता-पिता को परेशान करने के आरोपों से घिरे एक प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, नाटक विभाग का यह प्रोफेसर 2019 से 2021 के दौरान जब ऑनलाइन कक्षाएं लेता था तभी वह शिकायतकर्ता के संपर्क में आया जो अपने शोधनिबंध की तैयारी कर रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी प्रोफेसर ने उसका विश्वास जीता और उसे औरंगाबाद में अपने घर पर अपने परिवार के साथ रहने के लिए कथित रूप से राजी कर दिया।

### शरद पवार ने प्रकाश सिंह बादल को दी श्रद्धांजलि, नड्डा बोले-उनका जाना एक युग की समाप्ति है

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लंबी गांव में शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल को अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बादल साहब आज हमारे बीच नहीं रहे, यह बहुत दुख भरी खबर है। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व हम सबको बहुत प्रभावित करता था। वे एक नेता नहीं राजनेता थे। इसके साथ ही नड्डा ने कहा कि समाज में सब सुख, चैन, शांति से रहे इसके लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया।

### 'सूडान में जमीनी हालात बेहद अस्थिर', विदेश सचिव बोले- भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हम सभी के साथ संपर्क में

नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह युद्ध से प्रभावित सूडान की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। सूडान संकट की वजह से भारत की भी चिंताएं बढ़ी हुई हैं। इन सब के बीच विदेश सचिव विनय क्वात्रा का भी बड़ा बयान सामने आया है। विदेश सचिव ने बताया कि सूडान में जमीनी हालात बेहद अस्थिर बने हुए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम सूडान की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सूडान में सभी पक्षों के साथ संपर्क में है। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को संघर्ष शुरू होने के बाद से हम सूडान में लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

## 'कालियागंज की घटना के लिए ममता जिम्मेदार', भाजपा का आरोप- पुलिस ने उसके कार्यकर्ता को मारी गोली

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में भाजपा ममता बनर्जी की सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावार है। इन सब के बीच भाजपा ने एक और बड़ा आरोप लगाया है। बंगाल के भाजपा अध्यक्ष सुकांता मजूमदार ने कहा कि कालीगंज में कथित तौर पर बलात्कार और हत्या के बाद से ही बंगाल के उत्तरी भाग में भाजपा के वोट बैंक (जो एण समुदाय से आता है) पर ममता बनर्जी के आदेश से पुलिस ने अत्याचार शुरू कर दिया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस कल रात वहां लोगों को गिरफ्तार करने गई थी और इस दौरान उन्होंने एक भाजपा कार्यकर्ता को गोली भी मार दी। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में हम प्रदर्शन करेंगे।

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी का आरोप लगाया कि पुलिस ने आज सुबह 2.30 बजे भाजपा पंचायत समिति के सदस्य बिष्णु बर्मन के घर पर छापा मारा, लेकिन वह नहीं मिला। उन्होंने कालियागंज में मृत्युंजय बर्मन नाम के एक राजबंशी युवक की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। भाजपा नेता देबाश्री चौधरी ने कहा कि उत्तर दिनाजपुर के कालियागंज में एक दलित लड़की के कथित बलात्कार और हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हमारे एक सदस्य को पुलिस ने गोली मार दी। उन्होंने दावा कि किया



कि रामनवमी हिंसा के बाद से बीजेपी कार्यकर्ताओं की लगातार गिरफ्तारी हो रही है। भाजपा नेता ने कहा कि अब तक 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। हम सीएम ममता बनर्जी से कहना चाहेंगे कि उनकी विफलताओं के कारण कालियागंज की घटना हुई और अब उन्हें इस घटना की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज थाने और निजी संपत्ति पर हमले करने के लिए बाहरी लोगों को राज्य में लाया गया था। बनर्जी ने आरोप लगाया कि एक नाबालिग लड़की की मौत के बाद कालियागंज में तोड़-फोड़ की घटनाओं के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हाथ है और उन्होंने राज्य पुलिस को आगजनी में शामिल लोगों की संपत्तियों को कुर्क करने को लेकर काम करने का निर्देश दिया।

### कांग्रेस-बीजेपी और जेडीएस समेत अन्य दलों ने चुनाव प्रचार में झोंकी पूरी ताकत

नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए आगामी 10 मई को चुनाव होने हैं। मतदान में अब महज 15 दिन का समय बचा है। इस दौरान राज्य में चुनाव प्रचार अभियान पूरे जोर पर हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों ने राज्य में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। नेता मतदाताओं को आकर्षित करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सत्ता में आने के लिए बेताब कांग्रेस पार्टी की तरफ से भी महासचिव प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्री और नेता राज्य का दौरा कर रहे हैं। इसी दौरान उडुपी के कौप निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार सोराके ने जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी आज यानि की गुरुवार को मछुआरों के साथ संवाद करेंगे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ध्यान भटकाने के लिए 'तमंचे' की बात कर रहे हैंः अखिलेश यादव

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि शिक्षा और स्वास्थ्य समेत विभिन्न बुनियादी सुविधाएं देने में विफल रहने के कारण मुख्यमंत्री जनता का ध्यान भटकाने के लिये 'तमंचे' की बात कर रहे हैं। उन्नाव में नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के लिये आयोजित एक जनसभा में मुख्यमंत्री योगी द्वारा दिये गये एक बयान के बारे में पूछे जाने पर यादव ने यह आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को उन्नाव में एक चुनावी रैली में सपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने से पहले प्रदेश में एक पार्टी विशेष से जुड़े लोगों के हाथों में 'तमंचे' होते थे लेकिन आज राज्य के नौजवानों के हाथों में टैबलेट है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में पत्रकारों से कहा, ''मुख्यमंत्री शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो वह 'तमंचे' की बात करते हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं



दे पा रहे हैं तो वह 'तमंचे' की बात करते हैं। वह क्यों ऐसा बोल रहे हैं। वह इसलिये बोल रहे हैं क्योंकि अंग्रेजी में एक कहावत है कि 'ओल्ड हैबिट्स डाई हार्ड' यानी पुरानी आदतें जल्दी जाती नहीं हैं।''

यादव गाजियाबाद से सपा की मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के घर गये थे। उन्होंने राज्य के ज्यादातर नगर निगमों में लंबे समय से काबिज भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''भाजपा की नाकामी का परिणाम है कि शहर गंदे के गंदे हैं। समाजवादियों के काम हटा दो तो राजधानी लखनऊ में क्या मिलेगा मुझे याद है कि इसी शहर (गाजियाबाद) में नेताजी (मुलायम सिंह यादव) आये थे और सबसे पहले मेट्रो का शिलान्यास किया था।'' यादव ने कहा, ''लेकिन अब साइकिल ट्रैक को देखिए, इनकी हालत खराब हो चुकी है। साइकिल चलाने वाले मजदूरों के लिए क्या सुविधा है'' नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान चार और 11 मई को होगा। मतगणना 13 मई को होगी।

## आनंद मोहन की रिहाई से निराश है दिवंगत आईएएस कृष्णैय्या का परिवार, पत्नी बोलीं- अब तो पीएम और राष्ट्रपति ही कुछ करें

पटना (एजेंसी)। बिहार में आनंद मोहन की रिहाई की चर्चा देशभर में है। पूर्व सांसद और बाहुबली आनंद मोहन की रिहाई से दिवंगत धंए जी कृष्णैय्या का परिवार निराश है। मारे गए जिलाधिकारी जी कृष्णैया की पत्नी ने गुरुवार को राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपिल की और साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आनंद मोहन जेल भेजने की बात कही। यह गैंगस्टर से राजनेता बने आनंद मोहन सिंह के गुरुवार सुबह बिहार की सहरसा जेल से रिहा होने के बाद आया है। बिहार सरकार द्वारा जेल नियमों में संशोधन के बाद 27 दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी गई थी।

दिवंगत गोपालगंज डीएम जी कृष्णय्या की पत्नी उमा देवी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति और पीएम से इस मामले में हस्तक्षेप करने और सीएम नीतीश कुमार से उन्हें (आनंद मोहन) वापस जेल भेजने की अपील करती हूं। उन्होंने हत्या के दोषी को रिहा करने के बिहार सरकार के फैसले को गलत बताया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मुख्यमंत्री को ऐसा



नहीं करना चाहिए। इस प्रकार की चीजों को प्रोत्साहित ना करें। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि अगर आनंद मोहन भविष्य में चुनाव लड़ते हैं तो उनका बहिष्कार किया जाना चाहिए।

उमा देवी ने कहा कि जनता आनंद मोहन की रिहाई का विरोध करेगी, उसे वापस जेल भेजने की मांग करेगी। उसे रिहा करना एक गलत निर्णय है। उन्होंने कहा कि सीएम को इस प्रकार की चीजों को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। यदि वह (आनंद मोहन) भविष्य में चुनाव लड़ेंगे तो जनता को उसका बहिष्कार करना चाहिए। मैं उसे (आनंद मोहन) वापस जेल भेजने की अपील करती हूं। दिवंगत आईएएस अधिकारी की बेटी, पद्मा ने राज्य सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है।

### बैंकों के बिजनेस मॉडल को और करीब से देख रहे हैं वित्तीय चुनौतियों पर ये बोले आरबीआई गवर्नर दास

नई दिल्ली (एजेंसी)। गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में बैंकिंग संकट के मद्देनजर रिजर्व बैंक ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बिजनेस मॉडल की बारीकी से निगरानी शुरू कर दी है। दास ने कहा कि एक अनुचित मॉडल बैलेंस शीट के कुछ हिस्सों में जोखिम पैदा कर सकता है और भविष्य में बैंकों के लिए एक बड़ा संकट पैदा कर सकता है। दास ने वित्तीय लचीलापन पर वैश्विक सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि अमेरिकी बैंकिंग क्षेत्र में विशेष रूप से व्यक्तिगत बैंकों के व्यापार मॉडल पर सवाल उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय लचीलापन पर वैश्विक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली लचीली बनी हुई है और कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में देखी गई वित्तीय अस्थिरता की हालिया घटनाओं से प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं हुई है।

## अदालत ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ मानहानि का आरोप तय किये

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा द्वारा दायर मानहानि के मामले में विशेष अदालत ने शनिवार को कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के खिलाफ भादंसं की धारा 500 के तहत आरोप तय किए हैं। सिंह ने शर्मा पर 2013 में मध्य प्रदेश के कुख्यात व्यापमं घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया था। सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई कर रहे न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) विधान माहेश्वरी की अदालत ने बुधवार को सिंह के खिलाफ आरोप तय किये और मामले की सुनवाई एक जुलाई के लिए स्थगित कर दी। भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए सजा) के तहत एक दो साल तक कैद हो सकता है या जुर्माना हो सकता है अथवा दोनों सुनाये जा सकते हैं।

मालूम हो कि गुजरात के सूरत शहर की एक अदालत ने पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर एक मामले में



भादंसं की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि से निपटने) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल की जेल की सजा सुनाई थी। गांधी ने मोदी उपनाम को लेकर टिप्पणी की थी। इस फैसले के बाद, 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए चुने गए गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद सदस्य (सांसद) के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। भाजपा के मध्य प्रदेश के वर्तमान अध्यक्ष वी डी शर्मा ने 2014 में दिग्विजय सिंह द्वारा व्यापमं घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाये जाने के बाद उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

इस साल चार फरवरी को विशेष अदालत ने मामले में सिंह को जमानत दे दी थी। मध्यप्रदेश के विभिन्न विभागों के लिए की जाने वाली भर्ती एवं व्यावसायिक कोर्स के लिए ली जाने वाले परीक्षाओं के घोटालों के लिए व्यापमं देश में कुख्यात है। व्यापमं में घोटाला 2011 में सामने आया था। सीबीआई ने 2015 में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद इस भर्ती और प्रवेश घोटाले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। शर्मा के वकील सचिन वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिंह ने कथित तौर पर उनके मुवक्किल के खिलाफ आरोप लगाया था जिसका मकसद लोगों की नजरों में उनकी (शर्मा) की छवि खराब करना था।

हालांकि, दिग्विजय सिंह के वकील अजय गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए दावा किया, ''सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लायक कोई मामला नहीं है, लेकिन ऐसे अपराधों में अपनाई गई प्रक्रिया में आरोपमुक्त करने का चरण नहीं होता है। इसलिए, एक रूटीन (प्रक्रिया) में, मेरे मुवक्किल की दलीलों पर विचार किए बिना भादंसं की धारा 500 के तहत आरोप तय किया गया है।

# अतीक अहमद के बेटे अली, उमर पर धोखाधड़ी,रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद अतीक के 2 बेटों समेत 6 पर रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया गया है। यह केस कभी अतीक के करीबी रहे मोहम्मद मुस्लिम की तहरीर पर कल शाम को दर्ज किया गया है।

मोहम्मद मुस्लिम को बीते 23 अप्रैल को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मो. मुस्लिम ने बताया कि देवघाट में उसकी करोड़ों की पैतृक जमीन है। अतीक की मंशा थी जमीन अतीक़ के नाम कर दी जाए। मो. मुस्लिम ने जब इसका विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। जिसके बाद मो. मुस्लिम ने बताया कि 2007 में वह लखनऊ जाकर रहने लगा।


अतीक अहमद | मोहम्मद उमर | अली अहमद

इसके बाद जब वह किसी काम से प्रयागराज अपने घर जा रहा था तभी अतीक के लड़के अली, उमर, आसाद कालिया, अजय, एहतेशाम और नुसरत ने उसे गाड़ी से खींच लिया। गाली देते हुए चकिया स्थित कार्यालय ले गए और मारा-पीटा।

## चुनाव के चलते बदली परीक्षा तिथि

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने प्रथम और द्वितीय चरण के निकायचुनाव की तिथियां टकराने की वजह से चार और 11 मई को प्रस्तावित स्नातक व बीएएलएलबी की तिथियां बदल दी गई हैं।

इसको लेकर इविवि के परीक्षा विभाग की ओर से निर्देश भी जारी कर दिया गया है। पीआरओ प्रो. जया कपूर ने बताया कि चार मई को प्रस्तावित बीएससी तृतीय वर्ष कंप्यूटर विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा अब छह मई को होगी।

वहीं 11 मई को प्रस्तावित बीए-बीएससी तृतीय वर्ष एंथ्रोपोलॉजी, संगीत और चित्रकला द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा 12 मई को होगी।वहीं चार मई को होने वाली बीएएलएलबी तृतीय और अष्टम सेमेस्टर के ला आफ कांट्रैक्ट और इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन की परीक्षा छह मई को होगी।

# अतीक के ससुर के घर पुलिस की छापेमारी के दौरान मिली एक डायरी

## डायरी में रियल स्टेट और होटल के कारोबार से जुड़े करीबियों का ज़िक्र

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज। अतीकअहमद के करीबियों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अतीक अहमद के ससुर के घर पर हुई छापेमारी के दौरान पुलिस को एक डायरी बरामद हुई है, जिसमें अतीक के कई करीबियों और मददगारों के नाम दर्ज हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक, इन डायरियों में अतीक अहमद और अशरफ के पांच राज्यों में फैले कारोबार की फेहरिस्त शामिल है। सूत्रों के अनुसार, डायरी में कौशांबी के ग्राम बिरमपुर में दो भाइयों इमरान और जीशान, मोहम्मद मुस्लिम व कौशांबी के कई अन्य लोगों के साथ एलिना सिटी फेज-1, फेज-2, ग्राम बक्सी व दामपुर में अहमद सिटी, सैदपुर बक्सी में असाद सिटी, रावतपुर में साई बिहार योजना, सैदपुर में सैदपुर ग्राम योजना, सैदपुर करेहदा में सैदपुर आवास योजना, करेली के लखनपुर में लखनपुर आवास योजना में करीब एक हजार



बीघा से ऊपर जमीन पर तमाम प्रोजेक्ट से जुड़े लेन देन का भी जिक्र है। डायरी में रियल स्टेट और होटल के कारोबार से जुड़े अतीक के करीबियों का भी जिक्र है। गुजरात, राजस्थान, मुंबई, एमपी और दिल्ली में मौजूद बेनामी कंपनियों का भी डायरी में जिक्र है। जिन फर्जी कंपनियों के सहारे पूरा साम्राज्य खड़ा किया गया।

उन कंपनियों का भी जिक्र डायरी में है। पुलिस को मिली इस डायरी में शेल कंपनियों से करोड़ों के लेन-देन की भी तमाम जानकारी है। पुलिस जांचकर इन करीबियों, फायनेंसर और शागिर्दों की जांच कर रही है और उसके बाद इन पर कार्रवाई का दौर शुरू होगा।

# मैलहन झील में वरुणा उदगम स्थल का सर्वेक्षण डेनमार्क की टीम ने किया

**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर। मैलहन झील से निकली वरुणा नदी जो प्रयागराज भदोही वाराणसी के कई गांव से होती हुई अस्सी घाट वाराणसी में गिरती है और गंगा नदी में समाहित हो जाती है। इस पौराणिक नदी की उत्पत्ति हेतु कई गांव के लोगों ने मैलहन झील में बहुत बड़ा यज्ञ किया था। कथित रूप से तब वरुणा की उत्पत्ति हुई। इसी के नाम पर फूलपुर जौनपुर मार्ग पर बरुणा बाजार और वहीं पर वरुणेश्वर महादेव का मंदिर बना जो आस्था का केंद्र है। हर वर्ष मेला लगने लगा। अब वर्तमान सरकार ने वर्ष 2008 में तत्कालीन कमिश्नर द्वारा मैलहन झील के सुंदरीकरण और मैलहन से



बनारस तक नदी की खुदाई व सफाई का जो खाका दर्जनों गांव के प्रतिनिधियों के बीच बैठकर तैयार किया था वह अब साकार होने को है। प्रदेश सरकार की पहल पर वर्षों से इस का सर्वेक्षण चल रहा है। अभी छः माह पहले इजराइल की टीम ने आकर सर्वे सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ किया था। अब बीती शाम बुधवार को डेनमार्क यूरोप की टीम ने शिशिर गौर प्रोफेसर आई आई टी वाराणसी की टीम तथा डेनमार्क यूरोप की टीम द्वारा संयुक्त रूप से वाराणसी से मैलहन के उदगम स्थल तक सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पूरे प्रोजेक्ट का सर्वेक्षण किया। प्रयागराज शारदा सहायक खंड 39 के सहायक अभियंता बसंत लाल अपनी टीम के साथ लगे रहे और प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी आए हुए अतिथियों को दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 21 मई को

**आधुनिक समाचार सेवा**
**डॉ0रणजीत सिंह**

प्रतापगढ़।अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बताया कि माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के आदेशानुसार दिनांक 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत स्थगित कर दी गई है। अब यह अदालत दिनांक 21 मई 2023 दिन रविवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर आयोजित की जायेगी। नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर तिथि परिवर्तन का निर्णय लिया गया है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होने वादकारियों से कहा है कि अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।

# जेसीबी मशीन द्वारा गड्ढा खोदा गया कभी भी हो सकती है बड़ी हादसा

## गड्ढे में एक बैल गिरने से हुआ अधमरा

**आधुनिक समाचार**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला,सोनभद्र। विकास खण्ड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा के टोला पतगड़ी में लघु सिंचाई विभाग द्वारा कुआं निर्माण के लिए पोकलेन मशीन से कुएं की खोदाई लगभग दो महीने किया और वैसे ही छोड़ कर चलते बने और कुएं की खुदाई इस कद्र की गई कि कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। नाही चारो तरफ से सुरक्षित के लिए घेराव ही कराया गया। सरकार की सोच पर पानी फेर रहे एमआई और ठेकेदार। जिससे ग्रामीणों के लिए जान माल का खतरा बना हुआ है। ग्राम पंचायत कोटा के टोला पतगड़ी में लघु सिंचाई विभाग द्वारा कूप निर्माण का कार्य श्रीकिशुन गोड़ पुत्र हरख लाल के जमीन पर अर्धनिर्मित कूप को लगभग दो महीने पहले गड्ढा करके छोड़ दिया गया जिसमे पानी भी भर गया है जो ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ हैं। बृहस्पतिवार को एक बैल उस अर्धनिर्मित कुएं में गिर जाने के कारण अधमरा सा हो गया ग्रामीणों की नजर पड़ते ही उस बैल को कई लोग मिलकर बारह निकाला गया।



ग्राम पंचायत सदस्य भागवत सिंह ने बताया कि लघु सिंचाई द्वारा क्षेत्र में जेसीबी मशीन से कुएं को खोदा जा रहा हैं परंतु उसे वैसे ही छोड़ दिया जा रहा जिससे हम ग्रामीणों जान माल का खतरा बना हुआ है आज एक बैल कुएं में गिरकर गम्भीर हालत में है कल किसी के साथ कोई अप्रिय घटना घट सकता हैं ठीकेदार की लापरवाही के कारण ही यह घटना घटी हैं क्योंकि जब एक कुएं पर निर्माण कार्य करे तो पूरा करे लेकिन क्षेत्र में अधूरा कुएं का गड्ढा कर छोड़ कर चले जाना यह गलत हैं इसकी शिकायत की जाएगी।

# 20 लीटर अवैध शराब व अवैध गांजा के साथ दो नफर गिरफ्तार

**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर। फूलपुर पुलिस द्वारा 26 अप्रैल 2023 को अभियुक्त अमरेंद्र सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र श्याम बहादुर निवासी सराय धूरदास उर्फ महजुदवा थाना फूलपुर को समय करीब 22:35 बजे पूरे महारथ मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से अवैध कच्ची देसी शराब बरामद हुई। इसी प्रकार अभियुक्त खरबोटी उम्र 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल निवासी ग्राम कुसेहटा को समय 22:50 बजे लिलहट नहर के पास 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 146 व 147 आबकारी अधिनियम दर्ज किया गया। गिरफ्तार टीम में उपनिरीक्षक दुर्गेश कुमार राय, कांस्टेबल अर्जुन यादव, कांस्टेबल मनीष कुमार आदि रहे। इसी प्रकार 27 अप्रैल को समय 6:20 बजे प्रातः अभियुक्त अनूप चंद्र मिश्र पुत्र उमेश चंद्र मिश्र निवासी मोहल्ला फरीदाबाद फूलपुर को संस्कार पब्लिक स्कूल के पीछे से बहद बौड़ई से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से अवैध डेढ़ किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। थाना स्थानीय में मुकदमा अपराध संख्या 148/2023 दर्ज किया गया।

# नसीरुद्दीन राईन ने सभी 15 वार्डों के प्रभारी नियुक्त किए

**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर प्रयागराज नगर पंचायत फूलपुर समाजवादी पार्टी चेयरमैन प्रत्याशी श्रीमती काज़मीन जहां सिद्दीकी के चुनाव संचालन का प्रभारी सपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष नसीर उद्दीन राईन को बनाकर फूलपुर नगर निकाय चुनाव में जान फूंक दिया है नगर पंचायत फूलपुर में राईन समाज की बहुसंख्यक वोटर के साथ समाज में अच्छी पैठ रखतें हैं इनके प्रभारी बनने से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशीयों को अधिक मजबूती मिलेगी इसी संदर्भ में फूलपुर निकाय चुनाव प्रभारी नसीर उद्दीन राईन ने सभी पन्द्रहों वार्डों में प्रभारी नियुक्त किया है। निम्न रूप से वार्ड नं.1 पूरे महारथ से ध्रुव विश्वकर्मा, वार्ड नं.2 जाफरगंज से चन्दन बिन्द.वार्ड नं 3 शेखपुर पश्चिमी से जगदीश मौर्य, वार्ड नं 4 शुक्लाना से अरशद खान, वार्ड नं 5 शेखपुर पूर्वी से रंगी लाल यादव, वार्ड नं 6 पूरे अछई से सै.सुहेल अहमद, वार्ड नं 7 कैथाना से फिरोज राईन, वार्ड नं 8 शेखपुर उत्तरी से अवधेश कुमार, वार्ड नं 9 इस्माईलगंज से मोकीम राईन, वार्ड नं 10 जमीला बाद से मोहम्मद अय्युब, वार्ड नं 11 लोचनगंज से आषुतोष पान्डेय, वार्ड नं 12 कोहना से मो इरफान, वार्ड नं 13 से यसवंत यादव प्रधान, वार्ड नं 14 से गुलफाम इदरीसी, वार्ड नं 15 दुनियागंज से महेंद्र गुप्ता को चुनाव संचालन का प्रभार सौंपा गया है सभी प्रभारियों को नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि फूलपुर में सपा की लहर है ऐसे में सभी प्रभारी अपने वार्डों में सपा प्रत्याशियों को जिताने में जी जान लगा दे जनता प्रदेश सरकार में हो रहे गरीबों मजलूमों मजबूरों के साथ हो रहे अत्याचार प्रताड़ना से उब चुकी है अब प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी सरकार चाहती है ऐसे में सपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है।

# प्रयागराजः इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर, अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर धूमनगंज क्षेत्र में प्रशासन ने गुरुवार को अवैध कब्जा कर की गई प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान जेसीबी से सीमेंटेड सड़क और गेट तोड़ा गया। दरअसल मो.नकी की जमीन पर रिजवान ने अवैध कब्जा कर लिया था। मो. नकी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था की उनके प्लॉट को कब्जा कर रास्ते के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को अपने आदेश में प्रशासन को 48 घंटे के अंदर जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई जाए। जिसके बाद आज गुरुवार को यह कार्यवाही की गई।



# कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु दिव्यांगजन करें आवेदन

**आधुनिक समाचार सेवा**
**डॉ0रणजीत सिंह**

प्रतापगढ़।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने दिव्यांगजनां को सूचित किया कि विगत वित्तीय वर्षो में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण से लाभान्वित होने हेतु जिला कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त किया जा रहा था।उन्होंने बताया कि अब कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत पारदर्शिता बरतने के उद्देश्य से पात्र आवेदकों हेतु समस्त मांग प्रक्रिया आनलाईन कर दिया गया है। उन्होने बताया है कि योजनान्तर्गत पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाईकिल, बैशाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, अन्ध छड़ी, वाकर, छड़ी सी0पी0 चेयर आदि संगम अभिलेखों यथा आधार कार्ड, तहसील द्वारा निर्गत गरीबी की रेखा से नीचे का आय प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत यूडीआईडी कार्ड आदि के साथ किसी भी सहज जन सेवा केन्द्र आदि पर विभागीय वेबसाइट ीजजचः//ूूूण्कपअलंदहरंदण्नचण्दपबण्पद पर नियमानुसार आनलाईन आवेदन करायें। कराये गये आनलाईन आवेदन पत्र की स्वप्रमाणित प्रिन्ट आउट (समस्त संलग्नकों सहित) निर्धारित समय के अन्दर विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ के कक्ष संख्या-25 में जमा करें। आवेदन करने के उपरान्त विभागीय बजट प्राप्त होने तथा उपकरण की उपलब्धता के अनुसार वितरण की सूचना सम्बन्धित को प्रदान की जाएगी।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 मई के स्थान पर दिनांक 21 मई को आयोजित किया जायेगा

**आधुनिक समाचार सेवा**
**चिन्ता पाण्डेय**

सोनभद्र। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र/जनपद न्यायधीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन विश्राम कक्ष में किया गया। बैठक के दौरान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि के परिर्वतन के सम्बन्ध में चर्चा की गयी इस बैठक में नोडल अधिकरी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीमती निहारीका चैहान एवं सचिव जिला विधिक से प्राधिकरण सोनभद्र सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान इस बिन्दु पर चर्चा की गयी की राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में वर्ष में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 मई,2023 को प्रस्तावित था, उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के कारण राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 21 मई,2023 (दिन रविवार) को करने का निर्णय मा0 कार्यपालक अध्यक्ष महोदया उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लिया गया है।

माननीय अध्यक्ष श्री अशोक कुमार यादव प्रथम द्वारा बैठक के दौरान निर्देशित किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक आदालत कि तिथि में परिर्वतन सम्बन्धित सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को व बैंक के अधिकारियों सहित आमजन को समय से सूचना प्राप्त हो सके।

# उमेश पाल हत्याकांडः अतीक के वकील को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराजः उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने गुरुवार को अतीक के वकील खान सौलत हनीफ को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में पुलिस रिमांड मांगी गई थी जिसे अदालत ने ठुकरा दिया। प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 28 मार्च को माफिया अतीक अहमद, उसके वकील खान सौलत हनीफ, दिनेश पासी को उमेश पाल के अपहरण के सिलसिले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अशरफ समेत 7 आरोपी सुबूतों के अभाव में बरी हो गए थे। वकील खान सौलत हनीफ की यह रिमांड हत्याकांड के सिलसिले में पूछताछ के लिए ली गई है।



प्रयागराज के रहने वाले खान सौलत हनीफ सीनियर एडवोकेट हैं और लंबे समय से तीक से जुड़े मुकदमे देखते रहे हैं। उन्होंने कई मामलों में अतीक अहमद की पैरवी की है। सत्र न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक हनीफ ही अतीक अहमद के मुकदमे लड़ा करते थे। अतीक अहमद को तीन दशक तक कोई सजा नहीं हो सकी तो उसके पीछे खान सौलत हनीफ की भूमिका महती रही है।



# दिशिता महिला मंडल द्वारा प्रदान किया गया ई-रिक्शा

## दिशिता महिला मंडल द्वारा किये गए कार्य सराहनीय --के पी

**आधुनिक समाचार सेवा**

अनपरा (सोनभद्र) दिशिता महिला मंडल रेनूसागर सामाजिक कार्यो में सदैव अग्रणी रहा है, इसी कड़ी में दिशिता महिला मंडल द्वारा स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभार्थियों का चयन कर बैटरी चालित चार ई-रिक्शा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हिण्डालकों रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव द्वारा लाभार्थियों को ई-रिक्शा की चाभी प्रदान करके किया गया। इस अवसर पर उन्होने अपने उद्बोधन मे कहा कि दिशिता महिला मण्डल सामाजिक कार्यो में गरीबो के उत्थान के लिए अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है, आज के इस कार्यक्रम के




लिए मैं उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई देता हूँ साथ ही ई-रिक्शा के लाभार्थियों को भी समाज में निरन्तर आगे बढ़ने के लिए शभकामनाऐं देता हूँ। इस अवसर पर दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू यादव ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए दिशिता महिला मण्डल द्वारा किए गये सामाजिक कार्यो से अवगत कराते हुए उन्हे जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर हिण्डालको रेनूसागर के मानव संसाधन के प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह, अनुरक्षण विभाग के प्रमुख संजय सिंह, संचालन विभाग के प्रमुख गुलशन तिवारी, अनिल सिंघानिया एंव दिशिता महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्याए विभा शैलेश सिंह, सपना तिवारी, संगीता सिंघानिया व अन्य सभी सदस्याऐं प्रमुख रूप से उपस्थित थी। लाभार्थियों में क्रमश प्रदीप कुमार ग्राम - गरबँधा ,सतीश कुमार ग्राम - बासी ,अजय कुमार ग्राम -ऑडी मोड , अनिल गुप्ता ग्राम - परासी निवासी ई-रिक्शा पाकर स्वयं ये और इनके परिवार के लोगो के चेहरे ख़ुशी से खिल उठे और इनके परिजनों ने हृदय से दिशिता महिला मंडल रेनूसागर के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि हम लोग जीवन पर्यन्त दिशिता महिला मंडल रेनूसागर प्रति समर्पित रहेंगे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में वनिता समाज के वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**आधुनिक समाचार सेवा**

सिंगरौली। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में वनिता समाज के वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन कर्मचारी विकास केंद्र में किया किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, श्री राजीव अकोटकर, परियोजन प्रमुख, श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं सभी गणमान्य अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, गणेश वंदना एवं स्वागत गीत से किया गया।




अपने स्वागत सम्बोधन में श्रीमती श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज ने सभी उपस्थित जनों को कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार प्रकट किया गया। उन्होने सभी वनिता समाज की सदस्याओं को इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर के प्रतिभागिता करने के लिए बधाई दी।

इस कार्यक्रम में वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं सभी उपस्थित द्वारा प्रतिभागिताओं का हौसला बढ़ाया गया। तदुपरान्त बॉलीवुड नृत्य, कविता पाठन , गेम्स, क़व्वाली, राजस्थानी नृत्य, रेट्रो नृत्य आदि की रंगारंग प्रस्तुति से प्रतिभागिताओं द्वारा सभी का का मन मोह लिया गया। इस अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा, सचिव, वनिता समाज द्वारा वनिता समाज की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख ने वनिता समाज द्वारा प्रस्तुति कौशल को सराहा एवं एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया एवं वनिता समाज को इसी प्रकार से समाज कल्याण हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्रीमती भानुमती गुजरानिया, उपाध्यक्षा, वनिता समाज, श्री एलके बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), श्री अशोक कुमार सिंह , महाप्रबंधक (प्रचालन), श्रीमती रंजू कुमारी सिंह, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज, श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, श्री जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन), श्री देबव्रत कर, महाप्रबंधक (टीएस), श्रीमती सौम्या कर, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज, श्री सिद्धार्थ मण्डल, मानव संसाधन प्रमुख, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं, एनटीपीसी सिंगरौली के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा, सचिव, वनिता समाज, श्रीमती नीतू चंद्रा, सांस्कृतिक सचिव, श्रीमती अनीता स्वर्णकार, खेल सचिव द्वारा किया गया।

श्रीमती आरती बेहरा, बाल भवन प्राभरी द्वारा सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# त्रिपुरासुर ,शंखचूर्ण संहार की कथाओं का किया वर्णन

**आधुनिक समाचार सेवा**
**देव मणि शुक्ल**

नोएडा सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के छठवें दिन कथा व्यास



महेश पाठक शास्त्री जी ने भगवान शिव द्वारा दुर्दांत दैत्यों का संहार सहित तमाम रोचक प्रसंगों का वर्णन किया। जब असुरों के अनाचार से पृथ्वी और देवताओं में हाहाकार मच गया ।भगवान शिव की सभी देव आराधना करते हैं तब शिव जी त्रिपुरासुर और शंखचूर्ण नामक तमाम दैत्यों का संहार कर सभी को भयहीन करते हैं।शंखचूर्ण की हड्डियों से शंख बना है इसलिए भगवान शिव की पूजा में शंख से जल अर्पित करना वर्जित है।अन्य प्रसंग में व्यास जी ने बताया कि तुलसी और शालि ग्राम को साथ रखना चाहिए जिससे दाम्पत्य जीवन सुखमय रहता है। इनके विग्रह से दाम्पत्य जीवन में कटुता आती है।इसलिए शालिग्राम पर तुलसी दल अर्पित किया जाता है। यज्ञाचार्य मनोहर शास्त्री जी एवं उप यज्ञाचार्य सुमित तिवारी के साथ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच सभी देवताओं का पूजन कराया गया तदोपरांत हवन यज्ञ किया गया। आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे ने बताया कि शिव महापुराण की कथा में 28 अप्रैल दिन शुक्रवार को द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा का वर्णन किया जाएगा । सभी शिव भक्त शिव महापुराण की कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे, कुटी व्यवस्थापक विकास भारती, फलाहारी महाराज, देवेंद्र गुप्ता , एन के सोलंकी, पंडित अखिल पांडेय, रवि राघव,विकास शर्मा,अशोक कुमार, अमितेश सिंह , संतोष तिवारी, राजवीर सिंह, परदेशी, बाबा हलवाई , मंगू त्यागी, राज कुमार त्यागी , पंडित सागर द्विवेदी, मनोज कुमार चतुर्वेदी, पंडित विनोद शास्त्री , पंडित गोविंद शास्त्री सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे। तमाम लोग मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के कार्यालय पर दर्जनों ग्रामीण ने पहुंचकर लाइनमैन खिलाफ नाराजगी जताई

**आधुनिक समाचार**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला सोनभद्र- स्थानीय बिजली विभाग कार्यालय पर अचानक दर्जन भर ग्रामीण पहुंचकर नाराजगी जताई।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कोटा ग्राम पंचायत के सरपतवा क्षेत्र में बिजली विभाग के कर्मचारी पर अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए उक्त विद्युत कर्मचारी को बदलने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि बार बार हमारे क्षेत्र की लाइट खराब हो जाती है तथा लाइट ठीक करने के नाम पर महिने में कई बार बिजली कर्मचारी अरूण को सुविधा शुल्क देना पड़ता है। ऐसे में महिने में कई बार ऐसी ही घटना हो रही तथा सुविधा शुल्क दिए बिना काम नहीं होता है।बार बार ऐसी घटना होने के कारण आज बिजली विभाग के कार्यालय पर पहुंचकर अधिकारी को संज्ञान में लेने के लिए निवेदन किया गया है इस दौरान ओमकार नाथ, राधेश्याम, अर्चना देवी सहोद्री देवी बजरंगी,सुखराज सिंह, उमाशंकर, रामनिवास, श्याम बिहारी, चंदन सिंह देव कुमार आदि लोग मौजूद रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के लाइनमैन के मिलीभगत से अरुण कुमार लाइन बनाने जाता हैं जबकि वह विभाग का लाइनमैन नही हैं जो यह अपने आप मे बड़ा सवाल खड़ा करता हैं कि लाइन बनाते वक़्त उसे सेटडाउन कैसे मिल जाता हैं।

# सपा नेता टिंचू गुप्ता भाजपा में शामिल

**आधुनिक सेवा**

सीतापुर। चुनावी बेला में सपा को एक और झटका लग गया है। युवा सपा नेता बुधवार शाम भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है।

टिंचू गुप्ता के शामिल होने को लेकर सुबह से नेहा अवस्थी के चुनाव कार्यालय पर उत्साह का माहौल था। दोपहर बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा , सांसद राजेश वर्मा, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नीरज वर्मा, निकाय चुनाव प्रभारी लालजी प्रसाद निर्मल निकाय , सह प्रभारी विनय प्रताप सिंह आदि , गोविंद भारती, आकाश अग्रवाल, श्रीप्रकाश सिंह, कंचनप्रभा पांडे, जया सिंह, गोदावरी मिश्रा,




अजय गुप्ता, रामजीवन जयसवाल, नीरज वर्मा झल्लर, विश्राम सागर राठौर आदि की मौजूदगी में टिंचू ने जिला पार्टी कार्यालय पर भाजपा ज्वाइन की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकलौती ऐसी पार्टी है जिसमें सभी सम्मान सुरक्षित है। अन्य दल सिर्फ संशेधित सपा नेता टिंचू गुप्ता भाजपा में शामिल सीतापुर चुनावी बेला में सपा को एक और झटका लग गया है। युवा सपा नेता बुधवार शाम भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है।

टिंचू गुप्ता के शामिल होने को लेकर सुबह से नेहा अवस्थी के चुनाव कार्यालय पर उत्साह का माहौल था। दोपहर बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा , सांसद राजेश वर्मा, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नीरज वर्मा, निकाय चुनाव प्रभारी लालजी प्रसाद निर्मल निकाय , सह प्रभारी विनय प्रताप सिंह जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह

गोविंद भारती, आकाश अग्रवाल, श्रीप्रकाश सिंह, कंचनप्रभा पांडे, जया सिंह, गोदावरी मिश्रा, अजय गुप्ता, रामजीवन जयसवाल, नीरज वर्मा झल्लर, विश्राम सागर राठौर युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा आदि की मौजूदगी में टिंचू ने जिला पार्टी कार्यालय पर भाजपा ज्वाइन की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकलौती ऐसी पार्टी है जिसमें सभी सम्मान सुरक्षित है। अन्य दल सिर्फ स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं।स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं।

100% Placement

सीधे प्रवेश

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकेनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# यूरिक एसिड कंट्रोल करेंगे यह फूट्स, जोड़ों के दर्द में भी मिलेगा आराम



यूरिक एसिड रक्त में पाया जाने वाला एक रसायन है जो तब बनता है जब आपके शरीर में प्यूरीन नामक पदार्थ टूटता है। प्यूरीन मटर, पालक, मशरूम, सूखे सेम और यहां तक कि बीयर जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शरीर में बनने वाले अधिकांश यूरिक एसिड रक्त में घुल जाते हैं और गुर्दे के माध्यम से बाहर निकलते हैं। यदि आपका शरीर बहुत अधिक यूरिक एसिड का उत्पादन कर रहा है तो यह हाइपरयुरिसीमिया का कारण हो सकता है। ब्लड टेस्ट के माध्यम से शरीर में यूरिक एसिड के उच्च स्तर का पता लगाया जा सकता है।

शरीर में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिनन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबीहाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं। रक्त में उच्च यूरिक एसिड स्तर से पीडि.त लोगों को सही और स्वस्थ खाद्य पदार्थ लेने में थोड़ी मुश्किल होती है, जिन्हें वे अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

इसलिए हमने यहाँ कुछ ऐसे फलों का उल्लेख किया है जो शरीर में यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में आपकी मदद कर सकते हैं। तो चलिए जानते है-

**बेरीः** बेरीज़ जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्बेरी में एंटीथोकायनिन नामक पदार्थ से बने एन्टीइनफ्लैमटरी गुण होते हैं। यह विशेष पदार्थ उच्च यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद और सहायक हैं। यह यूरिक एसिड को क्रिस्टलीकरण करने और जोड़ों में जमा होने से रोकता है जो बाद में संयुक्त दर्द को जन्म दे सकता है। साथ ही, इनमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो रक्त में यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है।

**चेरीः** शरीर में यूरिक एसिड के उच्च स्तर से पीडि.त लोगों के लिए सही प्रकार के फलों को चुनना यूरिक एसिड के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह हमेशा सुझाव दिया जाता है कि शरीर में यूरिक एसिड के बढ़े स्तर से पीडि.त होने पर आहार में किसी भी खट्टे फल को शामिल न करें। चेरी खाने का एक और कारण है कि वे एसिड को बेअसर कर देते है और सूजन और दर्द को रोकने में मदद करते है।

**सेबः** अपने आहार में सेब को शामिल अवश्य करें। चूंकि सेब मैलिक एसिड से समृद्ध होते हैं इसलिए वे रक्त प्रवाह में यूरिक एसिड को बेअसर करते हैं। इससे उन रोगियों को राहत मिलती है जो उच्च यूरिक एसिड की स्थिति से पीडि.त हैं।

**ककड़ी और गाजरः** अगर आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक है तो गाजर और खीरा स्वास्थ्य इसके लिए बहुत अच्छा माना गया है। गाजर एंटी-ऑक्सिडेंट में बेहद समृद्ध हैं जो एंजाइम के उत्पादन को नियंत्रित करने में अच्छा होता है। अपने उच्च फाइबर सामग्री के कारण, वे यूरिक एसिड सामग्री को शरीर से बाहर निकालने में भी सहायक होते हैं। ककड़ी उन लोगों के लिए एक बढि.या विकल्प है जिनके रक्त में उच्च यूरिक एसिड होता है।

**नींबूः** नींबू के रस में साइट्रिक एसिड पाया जाता है जो यूरिक एसिड का एक सोल्वेंट होता है, इसलिए इसे अपने दैनिक आहार में शामिल करना पर उच्च यूरिक एसिड स्तर को रोकने में सहायक होता है। एक गिलास पानी में आधा नींबू का रस निचोड़ें और इसे रोज पियें।

**केलाः** केले को अपने आहार में ज़रूर शामिल करना चाहिए, क्योंकि यह अतिरिक्त यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद है।

**संतराः** सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए अपने आहार में विटामिन सी से भरपूर फलों को शामिल करें। अध्ययनों से पता चला है कि हर दिन 500 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करने से यूरिक एसिड का स्तर बहुत कम समय में घट सकता है। संतरे या मीठे नींबू का रस विटामिन सी में समृद्ध होता है और इस प्रकार आपको विटामिन सी की आवश्यक मात्रा प्रदान करने में बेहद मददगार हो सकता है।

## थाना बीजपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 37/23 धारा -323, 504, 506, 148, 324, 34, 308 भादवि से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**आधुनिक समाचार सेवा**
**चिन्ता पाण्डेय**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के नेतृत्व में थाना बीजपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 37/23 धारा- 323,504,506 ,148,324,34,308 भादवि में वांछित अभियुक्त दिनेश कुमार बैगा पुत्र रामबरन बैगा निवासी ग्राम जरहा टोला बघाडु थाना बीजपुर सोनभद्र उम्र लगभग 27 वर्ष का आज दिनांक 27.04.23 को जरहा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व डण्डा बरामद किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त-** दिनेश कुमार बैगा पुत्र रामबरन बैगा निवासी ग्राम जरहा टोला बघाडु थाना बीजपुर सोनभद्र उम्र लगभग 27 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-** 1-प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र। 2-उ0नि0 दुनिया सिंह, थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र । 3-का0 विशाल कुमार गौतम, थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र। 4-का0 अरविन्द कुमार, थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र।




## पाक्सो एक्टःदोषी जावेद को 10 वर्ष की कैद

### तीन वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने का था आरोप

**अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी**

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र। तीन वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जावेद को 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 13 मई 2020 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 10 मई 2020 को दोपहर तीन बजे उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी घर के दरवाजे पर बैठी थी तथा वह बच्चों के साथ घर का कामकाज कर रहा था। तभी देखा तो उसकी बेटी गायब हो गई। जिसकी हर संभावित जगहों पर तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। उसके घर के बगल में शाहगंज थाना क्षेत्र के सीकरी गांव निवासी जावेद पुत्र जाकिर अली रहता था जिसने ही उसकी बेटी को भगा ले गया है। यह कार्य जिसके घर में जावेद रहता है उनके सहयोग से ही किया है। इस पर पुलिस ने जावेद समेत तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में सिर्फ जावेद के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जावेद को 10 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# बादाम, मछली, सोयाबीन रखेंगे बच्चों को दमा से दूर

बादाम, मछली जैसे सैलमॉन, पटसन के बीज व सोयाबीन तेल में मौजूद जरूरी पॉलीअनसेचुरेटेड वसा अम्ल



आपके बच्चों के आहार में शामिल होकर उन्हें एलर्जी संबंधी बीमारियों से दूर रखेंगे। इनका सेवन आपके बच्चे को खास तौर से दमा (अस्थमा) व नाक में जलन व श्लेष्मा झिल्ली में सूजन के जोखिम को रोकने में कारगर होगा।दमा व नाक के एलर्जी संबंधी रोग से बच्चों के बचपन पर असर पड़ता है। इसकी वजह या तो आनुवांशिक होती है या पर्यावरणीय कारकों का असर होता है। शोध के परिणाम बताते हैं कि पॉलीअनसेचुरेटेड वसा अम्लों की रक्त में बढ़ी मात्रा बच्चों में एलर्जी संबंधी रोगों के जोखिम को कम करने से जुड़ी हुई है। पॉलीअनसेचुरेड वसीय अम्ल में ओमेगा-3 व ओमेगा-6 वसा अम्ल आते हैं, जिन्हें एराकिडोनिक अम्ल कहते हैं।ऐसे बच्चों में, जिनमें आठ साल की उम्र में ओमेगा 3 का उच्च रक्त स्तर होता है, उनमें 16 साल की उम्र में दमा या नाक में जलन या श्लेष्मा झिल्ली में एलर्जी के विकसित होने की संभावना कम होती है।उच्चस्तर वाले ओमेगा-6 वसा अम्ल जिसे एराकिडोनिक अम्ल कहते हैं, यह 16 साल की उम्र में दमा के कम जोखिम से जुड़ा हुआ है। स्वीडेन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट की शोधकर्ता एना बर्गस्ट्रोम ने कहा कि चूंकि एलर्जी की अक्सर शुरुआत बचपन के दौरान होती है, ऐसे में इस शोध का मकसद पर्यावरण व जीवनशैली का एलर्जी संबंधी बीमारियों पर असर देखना था।

# 7 तरह के लोग न खाएं हल्दी, होगा नुकसान

हल्दी उन सबसे ज्यादा लोकप्रिय मसालों में से एक है जो कि स्वास्थ्य लिहाज से भी कई मायने में बहुत ज्यादा उपयोगी है। इसके सीमित मात्रा में सेवन से हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती है तो ज्यादा सेवन भी परेशानी खड़ी कर सकता है। लेकिन आमतौर पर लोग यही जानते हैं कि सभी को हल्दी खानी चाहिए ताकि स्वस्थ रह सकें।लेकिन आपको आपको लगता है कि इसके कोई साइड इफेक्ट्स नहीं है तो यह कहना गलत होगा। चक्कर आना, मतली, पेट दर्द और दस्त का भी कारण हो सकता है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि हल्दी का इस्तेमाल कब करना चाहिए और कब नहीं। साथ ही किस प्रकार के लोगों के लिए यह सुरक्षित है और किस-किस के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। यहां जानते हैः गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं को इससे बचना चाहिए हल्दी को भोजन में कम मात्रा में लिया जाए तो गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान कोई परेशानी नही है। लेकिन इस समय पर ज्यादा सेवन या इसका दवाई के रूप में सेवन खतरनाक हो सकता है। इससे यह गर्भाशय को उत्तेजित कर सकता है जिससे गर्भ गिर भी सकता है और मासिक धर्म की अवधि को बढ़ा सकता है।

पित्ताशय की समस्या से जूझ रहे लोगों को अगर कोई पित्ताशय से जुड़ी किसी समस्या से ग्रसित है



तो हल्दी का प्रयोग बंद कर देना चाहिए। यूं तो हल्दी में मौजूद कर्क्यूमिन पित्ताशय के कैंसर की संभावना को कम करने और पित्ताशय की पथरी को बनने से रोकता है लेकिन बायनेरी ट्रैक्ट ऑब्सट्रेक्शन वाले मरीजों को हल्दी का प्रयोग किसी भी रूप में नहीं करना चाहिए।

जिन्हें किडनी स्टोन्स हो अगर आप रोजाना ज्यादा हल्गी खाते हैं तो किडनी स्टोन होने का जोखिम बढ़ जाता है। हल्दी में घुलनशील ऑक्सालेट के उच्च स्तर होते हैं जो आसानी से कैल्शियम से जुड़ सकते हैं और अघुलनशील कैल्शियम ऑक्सलेट बना सकते हैं। अघुलनशील कैल्शियम ऑक्सालेट 75इ सभी किडनी स्टोन समस्याओं के कारण होता है। किडनी स्टोन बनाने की प्रवृत्ति वाले लोगों को रोजाना 40-50 मिलीग्राम से कम डाइटरी आक्सीलेट के सेवन को सीमित करते हैं, जिसका मतलब है कि हल्दी एक चम्मच से अधिक नहीं।

जिनकी सर्जरी हुई है यह खून पतला करती है। जिनकी सर्जरी हुई हैं, उन्हें ज्यादा हल्दी खाने से बचना चाहिए। जिन्हें खून की कमी है इससे बॉडी में आयरन अब्जॉर्बशन बढ़ सकता है और एनीमिया हो सकता है। एसिडिटी और गैस के मरीज अगर किसी को एसिडिटी और गैस है या पेट का अल्सर है तो उन्हें हल्दी का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसमें मौजूद करक्यूमिन गैस, एसिडिटी की समस्या बढ़ाता है। रक्त का थक्का या रक्त को पतला करने की दवा लेने वाले हल्दी खून को पतला करती है और खून का थक्का बनने से रोकती है। इसलिए अगर कोई खून पतला करने की दवा ले रहा हो तो हल्दी का प्रयोग न करें।

## प्लास्टिक कचरे से गहराता संकट

प्लास्टिक ज़िन्दगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। अमूमन हर चीज़ के लिए प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा है, वो चाहे दूध हो, तेल, घी, आटा, चावल, दालें, मसालें, कोल्ड ड्रिंक, शर्बत, सनैक्स, दवायें, कपड़े हों या फिर ज़रूरत की दूसरी चीज़ें सभी में प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा है। बाज़ार से फल या सब्ज़ियां ख़रीदो, तो वे भी प्लास्टिक की ही थैलियों में ही मिलते हैं। प्लास्टिक के इस्तेमाल की एक बड़ी वजह यह भी है कि टिन के डिब्बों, कपड़े के थैलों और काग़ज़ के लिफ़ाफ़ों के मुक़ाबले ये सस्ता पड़ता है। पहले कभी लोग राशन, फल या तरकारी ख़रीदने जाते थे, तो प्लास्टिक की टोकरियां या कपड़े के थैले लेकर जाते थे। अब ख़ाली हाथ जाते हैं, पता है कि प्लास्टिक की थैलियों में सामान मिल जाएगा। अब तो पत्तल और दोनो की तर्ज़ पर प्लास्टिक की प्लेट, गिलास और कप भी ख़ूब चलन में हैं। लोग इन्हें इस्तेमाल करते हैं और फिर कूड़े में फेंक देते हैं। लेकिन इस आसानी ने कितनी बड़ी मुश्किल पैदा कर दी है, इसका अंदाज़ा अभी जनमानस को नहीं है। दरअसल, प्लास्टिक कचरा पर्यावरण के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक़ देश में सबसे ज़्यादा प्लास्टिक कचरा बोतलों से आता है।

# चावल के साथ दही खाने के 5 अचूक फायदे

अक्सर अपने घर में अम्मा-पापा को यह कहते हुए सुना होगा कि चावल का सेवन करने से मोटापा बढ़ता है. लेकिन कुछ मामलों में चावल और दही मिलाकर खाने से आपके शरीर का वजन बढ़ता नहीं बल्कि घटता है।

यह हम आपको आगे बताएंगे कि किस तरह चावल के साथ दही मिलाकर खाने से आपको मोटापे की समस्या से राहत मिलती है. इसके अलावा भी कई मायनों में चावल और दही मिलाकर खाना आपके सेहत के लिए फायदेमंद रहता है. आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और तनाव के बीच आपके शरीर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. ऐसे आप भी जानिए दही और चावल मिलाकर खाने से आपको क्या फायदा होगा.चावल को भगोने में उबालकर उसका मांड निकाल दें. अब इस चावल में दही मिलाकर खाएं. इस तरह एक महीने तक लगातार खाने से आपका मोटापा कम होगा. यदि



आप भी अपने शरीर का वजन कम करना चाहते हैं तो इस मिश्रण का कुछ दिन तक सेवन करें. इसमें कम कैलोरी होती है।

**बुखार में कारगरः** यदि आपको तेज बुखार आ रहा है तो आपके लिए दही और चावल का सेवन फायदेमंद रहेगा. कई लोगों के साथ होता है कि बुखार में कुछ खाने का मन नहीं करता. ऐसे में यदि आप इसे खाते हैं तो यह आपके लिए अच्छा रहेगा. इससे आपकी भूख खत्म होने के साथ ही शरीर को भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी. दही से आपकी इम्युनिटी पॉवर बढ़ेगी.

**पेट खराब है तोः** यदि आपका पेट खराब है तो दही और चावल का सेवन करने से पेट की खराबी सही हो जाती है. इससे आपकी भूख शांत होने के साथ ही यह अच्छी तरह से पच जाता है. इसे खाने से लूज मोशन में भी आराम मिलता है।

**कब्ज से राहतः** अगर आपको कब्ज की समस्या है तो कुछ दिन तक दही-चावल का सेवन करें. दही में भरपूर मात्रा में गुड बैक्टीरिया पाए जाते हैं. दही आपके पाचन को सही करने के साथ ही आपके मल को मुलायम बनाता है. इसके अलावा पेट दर्द में भी यह आराम देता है. ऐसे में आपको कब्ज से राहत मिलेगी।

**तनाव से आरामः** आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि दही और चावल का सेवन करने से तनाव से राहत मिलता है. इसमें उपस्थित प्रोबायोटिक बैक्टीरिया, एंटी-ऑक्सीडेंट और अच्छे फैट्स के कारण यह आपके मूड को अच्छा बनाए रखने में मदद करता है।

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**आधुनिक समाचार सेवा**
**चिन्ता पाण्डेय**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व नेतृत्व में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-21/2023 धारा 376, 363 भा0द0वि0 व □ पॉक्सो एक्ट मे वांछित अभियुक्त अर्जुन चेरो पुत्र बच्चा चेरो निवासी धर्मादासपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र




उम्र लगभग 20 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गयी ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** अर्जुन चेरो पुत्र बच्चा चेरो निवासी धर्मादासपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष ।

**गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1. थानाध्यक्ष रामदरश राम, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 2. मुख्य आरक्षी गोविन्द यादव, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 3. मुख्य आरक्षी तुफैल खां, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 4. म0का0 सोनम, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र ।

# इन घरेलू उपायों से सर्दी यूं हो जाएगी गुम

यूं तो सर्दी-जुकाम कोई गंभीर बीमारी नहीं है लेकिन यह देखा जाता है कि इस बीमारी में दवाइयों का असर भी कम होता है। इसके लिए सबसे अच्छा होता है घरेलू यानी देसी नुस्खे का इस्तेमाल। घर में बनाए जाने वाले इन देसी नुस्खों से आप आसानी से सर्दी जुकाम को काबू में कर अपना इलाज कर सकते है।

दूध और हल्दीः गर्म पानी या फिर गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पीने से सर्दी जुकाम में तेजी से फायदा होता है। यह नुस्खा ना सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों के लिए भी कारगर साबित होता है। हल्दी एंटी वायरल और एंटी बैक्टेरियल होता है जो सर्दी जुकाम से लड़ने में काफी मददगार होता है। **अदरख की चायः** अदरख के यूं तो कई फायदे है लेकिन अदरख की चाय से सर्दी-जुकाम में बहुत राहत मिलती है। सर्दी-जुकाम या फिर फ्लू के लक्षण में ताजा अदरख को बिल्कुल बारीक कर ले और उसमें एक कप गरम पानी या दूध मिलाए। उसे कुछ देर तक उबलने के बाद पीए। यह नुस्खा आपको सर्दी जुकाम से राहत पाने में तेजी से मदद करता है। **नींबू और शहदः** नींबू और शहद के इस्तेमाल से सर्दी और जुकाम में फायदा होता है। दो चम्मच शहद में एक चम्मच नींबू का रस एक ग्लास गुनगुने पानी या फिर गर्म दूध में मिलाकर पीने से इसमें काफी लाभ होता है। **लहसुनः** लहसुन सर्दी-जुकाम से लड़ने में काफी मददगार होता है। लहसुन में एलिसिन नामक एक रसायन होता है जो एंडी बैक्टेरियल, एंटी वायरल और एंटी फंगल होता है। लहसुन की पांच कलियों को घी में भुनकर खाए। ऐसा एक दो बार करने से जुकाम में आराम मिल जाता है। सर्दी जुकाम के संक्रमण को लहसुन तेजी से दूर करता है। **तुलसी पत्ता और अदरकः** तुलसी और अदरक को सर्दी-जुकाम के लिए रामबाण माना जाता है। इसके सेवन से इसमें तुरंत राहत मिलती है। एक कप गर्म पानी में तुलसी की पांच-सात पत्तियां ले। उसमें अदरक के एक टुकड़े को भी डाल दे। उसे कुछ देर तक उबलने दे और उसका काढ़ा बना ले। जब पानी बिल्कुल आधा रह जाए तो इसे धीरे-धीरे पी ले।



# कोलकाता नाइट राइडर्स ने दी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को मात, 21 रनों से जीता मैच, बेकार गई विराट की अर्धशतकीय पारी

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में 21 रनों से कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीत हासिल की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने पांच विकेट खोकर 200 रन बनाए जिसे बैंगलोर की टीम 179 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स के बैंगलोर के खिलाड़ी खास कमाल नहीं कर सके। वहीं विराट कोहली का अर्धशतक भी टीम को जीत नहीं दिला सका। कोलकाता नाइट राइडर्स ने लगातार पांचवी बार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में मात दी है। वहीं कोलकाता को लगातार चार हार के बाद जीत मिली है।

बैंगलोर की पारी की शुरुआत विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने की थी। दोनों ने मिलकर टीम को दमदार शुरुआत देने की कोशिश की। हालांकि तीसरे ओवर में फाफ 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिन्हें सुयश शर्मा ने पवेलियन लौटाया। इसके बाद विराट कोहली के साथ क्रिज संभालने शाहबाज अहमद आए मगर वो भी अधिक समय तक नहीं टिक सके। उन्हें स्पिनर सुयश शर्मा ने अपना दूसरा शिकार बनाया। एक तरफ विराट कोहली क्रिज पर टिके रहे मगर दूसरी छोर पर लगातार खिलाड़ी पवेलियन लौटते रहे।हालांकि विराट कोहली के साथ महिपाल लोमरोर ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने टीम को संभाला मगर दोनों की पार्टनरशिप को वरूण चक्रवर्ती ने तोड़ दिया। इसी के साथ बैंगलोर को चौथा झटका लगा और महिपाल लोमरोर 18 गेंदों में 34 रन की धमाकेदार पारी खेल कर पवेलियन लौटे। इसके बाद विराट कोहली भी 37 गेंदों में 6 चौकों की



मदद से 54 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद क्रिज पर दिनेश कार्तिक और सुयश प्रभुदेसाई थे जिन्हें टीम को जीत दिलाने की जिम्मेदारी थी। मगर 15वें ओवर में बैंगलोर को सुयश प्रभुदेसाई के तौर पर छठा विकेट गिरा।

फैंस को दिनेश कार्तिक से काफी उम्मीदें थी क्योंकि 6 विकेट के नुकसान पर बैंगलोर की टीम 138 रन पर थी, जबकि पांच ओवर शेष थे। मगर टीम का सातवां विकेट हसरंगा आंद्रे रसेल ने चटकाया। वहीं आठवां विकेट दिनेश कार्तिक का रहा, जिसेक बाद टीम कोई खास कमाल नहीं कर सकी और सिर्फ 179 रन आठ विकेट के नुकसान पर बना सकी। सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के अर्धशतक के बाद कप्तान नितीश राणा की तेजतर्रार पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पांच विकेट पर 200 रन बनाए। रॉय ने 29 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 56 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई जबकि राणा (21 गेंद में 48 रन, चार छक्के, तीन चौके) ने डेथ ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे टीम बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रहीं आरसीबी की ओर से वानिंदु हसरंगा ने 24 जबकि विजयकुमार विशाख ने 41 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर नाइट राइडर्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद रॉय और जगदीशन ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। रॉय ने मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में दो चौके जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में भी चौका जड़ा। जगदीशन ने भी डेविड विली पर चौके से खाता खोला और फिर उनके अगले ओवर में दो बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। रॉय ने शाहबाज अहमद का स्वागत चार छक्कों से किया जिससे नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 66 रन बनाए।

रॉय ने विशाख की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 22 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि इस गेंद पर भाग्यशाली रहे थे क्योंकि विशाख अपनी गेंद पर उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। जगदीशन हालांकि विशाख के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर विली को कैच दे बैठे। उन्होंने 29 गेंद में चार चौके मारे। विशाख ने इसी ओवर की अंतिम गेंद पर रॉय को भी बोल्ड करके नाइट राइडर्स का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 88 रन किया। वेंकटेश अय्यर ने वानिंदु हसरंगा पर दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। विशाख के अगले ओवर में नाइट राइडर्स के कप्तान राणा भाग्यशाली रहे जब लांग ऑफ पर सिराज ने उनका बेहद आसान कैच टपका दिया।

राणा ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए विशाख की गेंद को लांग ऑफ पर दर्शकों के बीच पहुंचाया। राणा को सिराज के ओवर में दूसरा जीवनदान मिला और इस बार फाइन लेग पर हर्षल पटेल ने कैच छोड़ा। नाइट राइडर्स के कप्तान ने इस जीवनदान का फायदा ओवर में दो छक्कों के साथ उठाया। राणा ने 17वें ओवर में विशाख पर लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के से 17 रन बटोरे। वह हालांकि अगले ओवर में हसरंगा की गेंद पर विशाख को कैच दे बैठे। हसरंगा ने इसी ओवर में अय्यर (31) को भी ग्लेन मैक्सवेल के हाथों कैच कराया। रिंकू सिंह (10 गेंद में नाबाद 18) ने 19वें ओवर में सिराज की लगातार गेंदों पर एक छक्का और दो चौके मारे जबकि अंतिम ओवर में डेविड वाइसी (तीन गेंद में नाबाद 12) ने हर्षल पर दो छक्के मारकर टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचाया।

# रॉय और राणा ने नाइट राइडर्स को पांच विकेट पर 200 रन तक पहुंचाया



नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के अर्धशतक के बाद कप्तान नितीश राणा की तेजतर्रार पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पांच विकेट पर 200 रन बनाए। रॉय ने 29 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 56 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई जबकि राणा (21 गेंद में 48 रन, चार छक्के, तीन चौके) ने डेथ ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे टीम बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रहीं आरसीबी की ओर से वानिंदु हसरंगा ने 24 जबकि विजयकुमार विशाख ने 41 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर नाइट राइडर्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद रॉय और जगदीशन ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। रॉय ने मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में दो चौके जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में भी चौका जड़ा। जगदीशन ने भी डेविड विली पर चौके से खाता खोला और फिर उनके अगले ओवर में दो बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। रॉय ने शाहबाज अहमद का स्वागत चार छक्कों से किया जिससे नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 66 रन बनाए। रॉय ने विशाख की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 22 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया।

वह हालांकि इस गेंद पर भाग्यशाली रहे थे क्योंकि विशाख अपनी गेंद पर उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। जगदीशन हालांकि विशाख के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर विली को कैच दे बैठे। उन्होंने 29 गेंद में चार चौके मारे। विशाख ने इसी ओवर की अंतिम गेंद पर रॉय को भी बोल्ड करके नाइट राइडर्स का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 88 रन किया। वेंकटेश अय्यर ने वानिंदु हसरंगा पर दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। विशाख के अगले ओवर में नाइट राइडर्स के कप्तान राणा भाग्यशाली रहे जब लांग ऑफ पर सिराज ने उनका बेहद आसान कैच टपका दिया।

राणा ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए विशाख की गेंद को लांग ऑफ पर दर्शकों के बीच पहुंचाया। राणा को सिराज के ओवर में दूसरा जीवनदान मिला और इस बार फाइन लेग पर हर्षल पटेल ने कैच छोड़ा। नाइट राइडर्स के कप्तान ने इस जीवनदान का फायदा ओवर में दो छक्कों के साथ उठाया। राणा ने 17वें ओवर में विशाख पर लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के से 17 रन बटोरे। वह हालांकि अगले ओवर में हसरंगा की गेंद पर विशाख को कैच दे बैठे। हसरंगा ने इसी ओवर में अय्यर (31) को भी ग्लेन मैक्सवेल के हाथों कैच कराया। रिंकू सिंह (10 गेंद में नाबाद 18) ने 19वें ओवर में सिराज की लगातार गेंदों पर एक छक्का और दो चौके मारे जबकि अंतिम ओवर में डेविड वाइसी (तीन गेंद में नाबाद 12) ने हर्षल पर दो छक्के मारकर टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचाया।

# कोहली ने नाइट राइडर्स के खिलाफ हार के बाद कहा, हमने उन्हें जीत तोहफे में दे दी

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 21 रन की हार के बाद कहा कि उनके खिलाड़ियों ने मैदान पर काफी गलतियां की और विरोधी टीम को जीत तोहफे में दे दी। नाइट राइडर्स के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम कोहली (37 गेंद में 54 रन, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 179 रन ही बना सकी। उनके अलावा सिर्फ महिपाल लोमरोर (34) और दिनेश कार्तिक (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। नाइट राइडर्स की ओर से लेग स्पिनरों वरूण चक्रवर्ती (27 रन पर तीन विकेट) और सुयश शर्मा (30 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच



विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल (29 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। नाइट राइडर्स ने इससे पहले जेसन रॉय (29 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 56 रन) के अर्धशतक और कप्तान राणा (21 गेंद में 48 रन, चार छक्के, तीन चौके) की तेजतर्रार पारी से पांच विकेट पर 200 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कोहली ने मैच के बाद कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो हमने उन्हें मैच तोहफे में दे दिया।

हम हारने के हकदार थे। हम पर्याप्त पेशेवर खेल नहीं दिखा सके। हमने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन क्षेत्ररक्षण स्तर के अनुरूप नहीं था। हमने उन्हें मुफ्त का तोहफा दे दिया।'' आरसीबी के क्षेत्ररक्षकों ने नाइट राइडर्स के कप्तान राणा को दो जीवनदान दिए जबकि रॉय का भी कैच टपकाया। कोहली ने कहा, ''मैदान में हमने दो मौके गंवाए जिससे हमें 25 से 30 रन का नुकसान हुआ। बल्लेबाजी में हम अच्छी स्थिति में थे लेकिन फिर हमने आसानी से चार-पांच विकेट गंवा दिए। वे विकेट लेने वाली गेंदें नहीं थी लेकिन हमने सीधे क्षेत्ररक्षकों के हाथ में शॉट मारे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भी विकेट गंवाने के बाद एक साझेदारी ने हमें मैच में वापसी दिलाई। हम एक और अच्छी साझेदारी नहीं कर पाए।

## टीम के साथ मार्गदर्शक के तौर पर विश्व कप के लिए भारत आ सकते हैं: विलियमसन

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के कप्तान केन विलियमसन के इस साल के आखिर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलने की संभावना नहीं है लेकिन यह चोटिल बल्लेबाज टीम के साथ मार्गदर्शक के रूप में इस बड़े टूर्नामेंट के लिए भारत आ सकता है। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि वह इस अनुभवी बल्लेबाज और सीमित ओवरों के कप्तान का इस्तेमाल मार्गदर्शक जैसी भूमिका में करना चाहेंगे। विलियमसन अपने दाहिने घुटने में चोट की सफल सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। विलियमसन को पिछले महीने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के लिए अपने पदार्पण मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी। सीमा रेखा पर छक्के को रोकने के प्रयास में विलियमसन काफी ऊंचा कूदे लेकिन नीचे जमीन पर पैर रखते हुए उनके घुटने में चोट लग गई। चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। स्टीड ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले संवाददाताओं से कहा, ''अभी कुछ भी कहना बहुत जल्दबाजी होगी। उसका ऑपरेशन हुआ है और हमें इतना पता है कि वह सफल रहा है। इसलिए वह अपने रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम के बहुत शुरुआती चरण में है।

# आरसीबी और सीएसके के लखनऊ में होने वाले मुकाबलों के लिए फैंस को चुकानी पड़ सकती है अधिक कीमत

## आयोजकों ने 30-50 प्रतिशत तक बढ़ाए टिकट के प्राइस

नई दिल्ली। भारत के हर गली, मोहल्ले से लेकर हर घर में इन दिनों क्रिकेट का फिवर सिर चढ़कर बोल रहा है। लंबे अर्से के बाद आईपीएल अपने पुराने फॉर्मेट में लौटा है, जिससे फैंस काफी खुश है। सभी टीमें अपने आधे मुकाबले घर के स्टेडियम में और अन्य मुकाबले विपक्षी टीम के होम ग्राउंड पर खेल रहे है। इसी बीच अब केएल राहुल के नेतृत्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के होम ग्राउंड में भी मुकाबले होने है।

लखनऊ सुपर जायंट्स के होम ग्राउंड में एक मई को मुकाबला खेला जाना है जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ टीम भिड़ेगी। इसके बाद लखनऊ का अन्य मुकाबला 3 मई को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के साथ होगा। इन मुकाबलों को लेकर फैंस जितने उत्साहित थे वहीं फैंस की खुशी पर अब आयोजकों ने नजर लगा दी है।

दरअसल आयोजकों ने विराट कोहली की आरसीबी और महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के साथ होने वाले मैचों के लिए टिकट के दामों में काफी इजाफा कर दिया है जिसके बाद दर्शकों को मुकाबला देखने के लिए जेब अधिक ढीली करनी होगी। आयोजकों के इस फैसले का सीधा असर दर्शकों की जेब पर पड़ेगा।

वर्तमान में चेन्नई सुपर किंग्स



की टीम सात मुकाबले खेलने के बाद पांच मैच जीतकर 10 अंकों के साथ सबसे ऊपर है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम सात में से चार मुकाबले जीतकर आठ अंकों के साथ पांचवे स्थान पर बनी हुई है। वहीं दोनों के साथ मुकाबले खेलने वाली होस्ट टीम लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम भी सात मुकाबले खेलने के बाद आठ अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। लखनऊ सुपर जायंट्स का नेट रनरेट बैंगलोर से बेहतर है इसलिए लखनऊ की टीम चौथे पायदान पर है। जानकारी के मुताबिक आयोजकों ने इन दोनों ही मुकाबले के लिए टीकट की किमत में 30 से 50 प्रतिशत तक का इजाफा करने का फैसला किया है। संभावना है कि दोनों ही मुकाबलों को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में आयोजकों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाने का निर्णय किया है। बता दें कि ये मुकाबले लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने है।

# करूणारत्ने और मधुशंका के शतक, श्रीलंका के एक विकेट पर 357 रन

नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाजों दिमुथ करूणारत्ने और निशान मधुशंका ने रिकॉर्ड साझेदारी के साथ शतक जड़े जिससे श्रीलंका ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को यहां एक विकेट पर 357 रन बनाए। कप्तान करूणारत्ने दिन के खेल के दौरान आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। वह लंच से ठीक पहले कर्टिस कैंफर की गेंद पर पवेलियन लौटे। उन्होंने 133 गेंद में 15 चौकों से 115 रन बनाए। करूणारत्ने के आउट होने के बाद मधुशंका (नाबाद 149) और कुसाल मेंडिस (नाबाद 83) ने दिन के खेल के दौरान आयरलैंड को और सफलता हासिल नहीं करने दी। दोनों दूसरे विकेट के लिए 129 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

भारी बारिश के कारण चाय के विश्राम से कुछ समय पहले खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। मधुशंका ने 234 गेंद की अपनी पारी में 18 चौके और एक छक्का मारा है जबकि मेंडिस की 96 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के शामिल हैं। चौबीस साल के मधुशंका ने हैरी टेक्टर पर डीप मिड विकेट पर चौके के साथ जब अपना पहला शतक पूरा किया तो कप्तान ने उन्हें गले लगा लिया। मधुशंका हालांकि 131 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब आयरलैंड के कप्तान एंड्री बालबिर्नी ने ऑफ स्पिनर एंडी मैकबिर्नी की गेंद पर पहली स्लिप में उनका आसान कैच टपका दिया। इससे पहले करूणारत्ने ने सिर्फ 116 गेंद में शतक पूरा किया जो उनके करियर का 16वां और श्रृंखला का दूसरा शतक है।

# गुजरात को नेट्स पर लंबे अभ्यास सत्र का फायदा मिल रहा है: अभिनव मनोहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज अभिनव मनोहर ने कहा कि टीम के बल्लेबाजों को नेट्स पर लंबे अभ्यास सत्र का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फायदा मिल रहा है। घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक की तरफ से खेलने वाले इस 28 वर्षीय बल्लेबाज ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 21 गेंदों पर 42 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे गुजरात ने यह मैच 55 रन से



जीता। उनके अलावा डेविड मिलर और राहुल तेवतिया ने भी आक्रामक पारियां खेली जबकि शुभमन गिल ने अर्धशतक जड़ा। मनोहर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,'' हमारी टीम बहुत अधिक अभ्यास करती है। हम अभ्यास सत्र में बहुत अधिक समय बिताते हैं और बल्लेबाजों को पर्याप्त अभ्यास का मौका मिलता है जिससे वास्तव में हमें मदद मिल रही है।'' उन्होंने कहा,'' हमने आईपीएल से पहले दो अभ्यास शिविरों में हिस्सा लिया था जिससे वास्तव में हमें फायदा मिला। मैं टीम में अपनी भूमिका जानता हूं। फ्रेंचाइजी ने हमें हमारी भूमिका को लेकर स्पष्ट तौर पर बता रखा है और इससे भी हमें मदद मिलती है।'' अपनी पारी के दौरान तीन छक्के और इतने ही चौके लगाने वाले मनोहर ने कहा कि क्रीज पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज मिलर से बातचीत करने से भी उन्हें फायदा मिला। मनोहर ने कहा,'' हम क्रीज पर काफी बातें कर रहे थे। जो भी गेंद हमारी जद में होती उस पर हम शॉट लगा रहे थे। इसके अलावा मुझे लगता है कि जब भी मैं मिलर के साथ बल्लेबाजी करता हूं तो मुझे उससे बात करने से काफी मदद मिलती है।'' अपने कप्तान हार्दिक पंड्या के बारे में मनोहर ने कहा कि वह विश्व स्तरीय बल्लेबाज है और जल्द ही बड़ी पारी खेलेगा। उन्होंने कहा,'' हार्दिक विश्व स्तरीय बल्लेबाज है और मुझे पूरा विश्वास है कि अगले कुछ दिनों में वह विशेष पारी खेलेगा।

# आरसीबी को हराकर नाइट राइडर्स ने लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा

बेंगलुरू। सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के अर्धशतक और कप्तान नितीश राणा की तेजतर्रार पारी के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 21 रन से हराकर लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा। नाइट राइडर्स के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम कप्तान विराट कोहली (37 गेंद में 54 रन, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 179 रन ही बना सकी। उनके अलावा सिर्फ महिपाल लोमरोर (34) और दिनेश कार्तिक (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। नाइट राइडर्स की ओर से लेग स्पिनरों वरूण चक्रवर्ती (27 रन पर तीन विकेट) और सुयश शर्मा (30 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल (29 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए।

नाइट राइडर्स ने इससे पहले रॉय (29 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 56 रन) और कप्तान राणा (21 गेंद में 48 रन, चार छक्के, तीन चौके) की पारियों से पांच विकेट पर 200 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी की शुरुआत खराब रही और टीम ने पावर प्ले में 58 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे कप्तान फाफ डुप्लेसी (17) ने उमेश यादव पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन सुयश की गेंद को बाउंड्री पर रिंकू सिंह के हाथों में खेल गए। सुयश ने इसके बाद शाहबाज अहमद (02) को पगबाधा किया जबकि ग्लेन मैक्सवेल (05) ने चक्रवर्ती की गेंद पर डेविड वाइसी को कैच थमाया। कप्तान कोहली हालांकि एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने पदार्पण कर रहे वैभव आरोड़ा पर चौके के साथ खाता खोला और फिर सुयश पर लगातार दो चौके मारे।

लोमरोर ने सुनील नारायण पर दो छक्के मारे जबकि कोहली ने सुयश पर चौके के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर इसी ओवर में दो रन के साथ 33 गेंद में मौजूदा टूर्नामेंट का अपना पांचवां अर्धशतक बनाया। लोमरोर ने चक्रवर्ती पर अपना तीसरा छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बाउंड्री पर रसेल को कैच दे बैठे। उन्होंने 18 गेंद में तीन छक्के और एक



चौका मारा। आरसीबी को अगले ओवर में बड़ा झटका लगा जबकि रसेल की गेंद पर वेंकटेश अय्यर ने बाउंड्री पर कोहली का शानदार कैच लपका। सुयश प्रभुदेसाई भी नौ गेंद में 10 रन बनाकर रन आउट हुए जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 138 रन हो गया। मेजबान टीम को अंतिम पांच ओवर में 63 रन की जरूरत थी। अगले दो ओवर में सिर्फ 15 रन बने जबकि रसेल ने वानिंदु हसरंगा (05) को पवेलियन भेजा। चक्रवर्ती के अगले ओवर में भी सिर्फ चार रन बने जबकि दिनेश कार्तिक (22) ने रिंकू को कैच थमा दिया जिससे आरसीबी की रही सही उम्मीद भी टूट गई।

आरसीबी को अंतिम दो ओवर में 44 रन की दरकार थी और टीम इस स्कोर के आसपास भी नहीं पहुंच सकी। इससे पहले कोहली ने टॉस जीतकर नाइट राइडर्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद रॉय और जगदीशन ने पहले विकेट के लिए तेजी से 83 रन जोड़े। रॉय ने मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में दो चौके जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में भी चौका मारा। जगदीशन ने भी डेविड विली पर चौके से खाता खोला और फिर उनके अगले ओवर में दो बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। रॉय ने शाहबाज अहमद का स्वागत चार छक्कों से किया जिससे नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 66 रन बनाए। रॉय ने विशाख की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 22 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। जगदीशन हालांकि विजयकुमार विशाख (41 रन पर दो विकेट) के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर विली को कैच दे बैठे।

उन्होंने 29 गेंद में चार चौके मारे। विशाख ने इसी ओवर की अंतिम गेंद पर रॉय को भी बोल्ड करके नाइट राइडर्स का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 88 रन किया। वेंकटेश अय्यर ने वानिंदु हसरंगा (24 रन पर दो विकेट) पर दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। विशाख के अगले ओवर में राणा भाग्यशाली रहे जब लांग ऑफ पर सिराज ने उनका बेहद आसान कैच टपका दिया। राणा ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए विशाख की गेंद को लांग ऑफ पर दर्शकों के बीच पहुंचाया। राणा को सिराज के ओवर में दूसरा जीवनदान मिला और इस बार फाइन लेग पर हर्षल पटेल ने कैच छोड़ा।

नाइट राइडर्स के कप्तान ने इस जीवनदान का फायदा ओवर में दो छक्कों के साथ उठाया। राणा ने 17वें ओवर में विशाख पर लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के से 17 रन बटोरे। वह हालांकि अगले ओवर में हसरंगा की गेंद पर विशाख को कैच दे बैठे। हसरंगा ने इसी ओवर में अय्यर (31) को भी ग्लेन मैक्सवेल के हाथों कैच कराया। रिंकू सिंह (10 गेंद में नाबाद 18) ने 19वें ओवर में सिराज की लगातार गेंदों पर एक छक्का और दो चौके मारे जबकि अंतिम ओवर में डेविड वाइसी (तीन गेंद में नाबाद 12) ने हर्षल पर दो छक्के मारकर टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचाया।

## सम्पादकीय

# टिकट कटने पर बवाल

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी में दिख रही नाराजगी कई वजहों से ध्यान खींच रही है। हालांकि अपने देश में चुनावों से पहले पार्टियों में टिकट बंटवारे को लेकर असंतोष कोई नई बात नहीं है। अक्सर यह विवाद बड़ा रूप भी लेता रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुआई वाला दौर शुरू होने के बाद से बीजेपी में इस तरह के दृश्य दिखने लगभग बंद हो गए थे। पार्टी खुद को एक अनुशासित इकाई के रूप में पेश करती थी। उसने कई चुनावों में बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटने के प्रयोग भी शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में कर दिखाया। मगर कर्नाटक में इस बार स्थितियां एकदम उलट हैं। इससे पहले नवंबर महीने में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी कुछ सीटों पर बागियों को मनाने में बीजेपी नेतृत्व को परेशानी हुई थी। तब हिमाचल की कुल 68 विधानसभा सीटों में से 21 पर बीजेपी के बागी प्रत्याशी लड़े थे। नतीजा यह कि बीजेपी बहुमत के आंकड़ों तक नहीं पहुंच पाई। जो जानकार कर्नाटक में भी ऐसा ही कुछ होने के आसार जता रहे हैं, उनका तर्क यह है कि अगर पार्टी के अंदर जीत की उम्मीद होती तो बागी प्रत्याशियों को भविष्य में सत्ता में हिस्सेदारी का आश्वासन काम आ जाता। यह नहीं काम आ रहा, इसका मतलब है कि बीजेपी के लिए संकेत कुछ खास अच्छे नहीं हैं। कर्नाटक बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने तो खुलकर कह दिया कि पार्टी टिकट दे या न दे, वह चुनाव लड़ेंगे। दूसरे बड़े नेता ईश्वरप्पा ने खुद चुनाव न लड़ने की बात कही है, लेकिन उनके समर्थक अभी तक सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में पार्टी की लोकल यूनिटों से जुड़े लोगों के पार्टी से इस्तीफा देने की खबरें आ रही हैं। कहा यह भी जा रहा है कि टिकट काटने के फैसले से ज्यादा नुकसान फैसले के ढंग से हुआ है। अगर इन बड़े नेताओं को पहले से विश्वास में लिया जाता तो ये अपने समर्थकों की नजर में अपमानित नहीं महसूस करते। उस स्थिति में पार्टी का नुकसान भी कम होता। बहरहाल, चुनाव में अभी भी वक्त है। बीजेपी नेतृत्व इन असंतुष्ट नेताओं और उनके समर्थकों तक पहुंचकर उनकी बात सुन और अपनी बात उन्हें समझा सकता है। खबर है कि पार्टी नेतृत्व इस काम के लिए येदियुरप्पा का इस्तेमाल करना चाहता है। उन पर यह जिम्मेदारी डाली गई है कि वह नाराज नेताओं से बात करें, उनकी नाराजगी दूर करें। क्या येदियुरप्पा इस प्रयास में सफल होंगे या पार्टी को यहां भी हिमाचल प्रदेश की तरह बागी प्रत्याशियों की चुनौती का सामना करना पड़ेगा, इसका जवाब आने वाले दिनों में मिल जाएगा।

# प्रदेश में सपा-रालोद गठबंधन टूटने से निकाय चुनाव में भाजपा को हो सकता है बड़ा लाभ

**अशोक मधुप**

उत्तर प्रदेश में यह तय हो गया कि प्रदेश के विपक्षी दल एकला चलो की राह पर स्थानीय निकाय चुनाव में मैदान में उतर रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि इनके रवैये से भाजपा लाभ की स्थिति में रहेगी। सपा-रालोद का गठबंधन टूट जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मिल रही भाजपा को चुनौती अब खत्म हो सकती है। भाजपा उत्तर प्रदेश में सबसे मजबूत पार्टी मानकर चुनाव लड़ रही है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो बहन मायावती पहले ही कह चुकी हैं कि वह किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेंगी। पिछले विधानसभा चुनाव में दो बड़े दल समाजवादी पार्टी और रालोद का गठबंधन था। इस बार वह भी भंग हो गया। ये दोनों दल भी अब एकला चलो की यात्रा पर निकल लिए।

पहले सूचनाएं थीं कि मुरादाबाद मंडल में सीटों के बंटवारे के कारण गठबंधन टूट गया। अब पता चला कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गठबंधन भंग हो गया है। रालोद के बड़े नेता मुंशीराम पाल ने मुरादाबाद मंडल में गठबंधन भंग होने की बात स्वीकारी थी। कहा था कि दो-तीन सीट पर बंटवारे का विवाद होने के कारण रालोद ने मंडल में सभी स्थानीय निकायों में अपने प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया है। अब बताया गया कि रालोद अकेले दम पर सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित जाखड़ ने घोषणा की है कि आने वाले दो दिनों में अपने प्रत्याशियों की लिस्ट भी जारी करेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर जो भेदभाव रालोद के साथ हुआ उसे हमने बर्दाश्त कर लिया। लेकिन निकाय चुनाव में वो भेदभाव दोहराया जा रहा है। उसे नहीं सहेंगे। रालोद दूसरे चरण के चुनाव में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगा।

गठबंधन में दरार का कारण सपा द्वारा रालोद के हक वाली सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारना है। इसके बाद रालोद कार्यकर्ता भड़क गए। उन्होंने गठबंधन से स्पष्ट इंकार कर दिया है। गठबंधन में दरार सोमवार को उस वक्त शुरू हुई जब रालोद की सीटों पर सपा ने अपने प्रत्याशी उतार दिए। सोमवार को दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन का पहला दिन था। रालोद के सूत्रों के अनुसार मेरठ के मवाना और बागपत से खेकड़ा और बड़ौत तीनों सीटें गठबंधन में रालोद के हिस्से आई थीं। तय था कि जाट बाहुल्य क्षेत्र की इन तीनों सीटों पर रालोद प्रत्याशी अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। लेकिन सोमवार को तीनों



सीटों पर सपा ने अपने सिंबल पर अपने कैंडिडेट उतार दिए। सपा का यह रवैय्या देखकर रालोद नेता भी भड़क गए। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित जाखड़ का कहना है रालोद छोटी पार्टी नहीं है। रालोद का अपना कद है। पहले विधानसभा चुनाव और अब निकाय चुनाव में हमारे साथ धोखा हो रहा है। मेरठ की मेयर सीट रालोद मांग रही थी, इस पर सपा ने अपना प्रत्याशी उतार दिया। उन्होंने कहा कि यहां तक ठीक था लेकिन रालोद के लिए तय मवाना और बागपत की दो अन्य सीटों पर भी सपा ने अपने प्रत्याशी उतार दिए। हमने तय किया है अब गठबंधन से अलग चुनाव लड़ेंगे।

मेरठ की मवाना सीट पर अध्यक्ष पद के लिए रालोद ने दो दिन पहले ही अय्यूब मलिक को प्रत्याशी बनाया था। सोमवार को सपा के दीपक गिरी ने यहां से साइकिल चुनाव चिह्न पर नामांकन पत्र ले लिया। दीपक गिरी का कहना है कि उसे सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की तरफ से चुनाव लड़ने का आदेश मिला है। सिंबल भी मिला है। जबकि रालोद यहां पहले ही मुस्लिम चेहरे अय्यूब को टिकट दे चुका है। दीपक ने कहा कि उसे चुनाव लड़ने का आदेश मिला है, वह लड़ेगा। सपा में खेकड़ा से संगीता धामा, बड़ौत से रणधीर प्रधान ने भी सोमवार को नामांकन पत्र लिया है। दरअसल यह पहला मामला नहीं हैं। गठबंधन में शामिल दल समझौते का कहीं न कहीं पालन नहीं करते। परिणाम स्वरूप गठबंधन टूट जाता है। ऐसा ही इस मामले में हुआ।

बिजनौर में तो सपा से टिकट न मिलने पर सपा नेता शमशाद अंसारी ने भी पत्नी सहित अचानक रालोद ज्वाइन कर रालोद के सिंबल पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। शमशाद अंसारी की पत्नी सपा की निवर्तमान चेयरपर्सन रुखसाना परवीन सपा के टिकट पर निकाय चुनाव की प्रत्याशी थीं। लेकिन नामांकन के अंतिम दिन अचानक रुखसाना परवीन का टिकट काटकर पूर्व विधायक रुचि वीरा की बेटी स्वाति वीरा को दे दिया। पार्टी के निर्णय से नाराज रुखसाना परवीन और पति शमशाद अंसारी ने सपा छोड़कर रालोद थाम ली। रालोद के सिंबल पर पर्चा भर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने प्रेसवार्ता बुलाकर घोषणा कर दी कि जिले में सपा की सभी सीटों पर सपा का विरोध करूँगा। दरअसल गठबंधन के दल एक-एक सीट पर अपने-अपने प्रत्याशी उतार रहे हैं किंतु बिजनौर में तो सपा से टिकट कटने पर सपा नेता ने रालोद के टिकट पर अपनी पत्नी की नामजदगी करा दी। जबकि गठबंधन का धर्म यह कहता है कि सपा से टिकट कट चुके व्यक्ति को गठबंधन का दूसरा दल टिकट न दे। किंतु रालोद ने टिकट दे दिया। इससे अब तय हो गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अब तक त्रिकोणीय मुकाबला था। अब रालोद के गठबंधन से अलग हो जाने के कारण मुकाबला चार कोणीय हो गया है। एक चीज और, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद का प्रभाव है। रालोद-सपा मिलकर विधानसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी चुनौती दे चुके हैं। इस बार इसके अलग-अलग होकर चुनाव लड़ने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा की राह सरल हो गई लगती है।

# राजस्थान में क्या वाकई तीसरे मोर्चे के गठन की तैयारी कर रहे हैं सचिन पायलट?

**संतोष पाठक**

राजस्थान की जनता का अब तक यही राजनीतिक अंदाज रहा है कि यहां भाजपा और कांग्रेस को छोड़कर कभी भी कोई तीसरी पार्टी बहुत ज्यादा मजबूत नहीं हो पाई है। यदा-कदा बसपा और कुछ क्षेत्रीय नेताओं द्वारा बनाए गए दलों को कुछ सीटें जरूर मिलती रही हैं लेकिन सरकार और विपक्ष की भूमिका भाजपा और कांग्रेस ही निभाती आई हैं। इसमें से एक दल राजस्थान में सरकार चलाता है तो दूसरा विधानसभा में विपक्ष की भूमिका में रहता है।

लेकिन राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और अशोक गहलोत सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके सचिन पायलट के तेवरों से ऐसा लग रहा है कि वो राजस्थान में इस बार कुछ ऐसा करने जा रहे हैं जो इससे पहले कभी नहीं हो पाया था। ऐसा लग रहा है कि सचिन पायलट प्रदेश में तीसरा मोर्चा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने खुल कर अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है लेकिन राजनीतिक संदेशों से ऐसा लग रहा है।

बताया जा रहा है कि राजस्थान की राजनीति में पीके के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर की एंट्री हो चुकी है। खबर आ रही है कि प्रशांत किशोर की कंपनी आईपैक को सचिन पायलट की राजनीति और भविष्य की रणनीति बनाने का जिम्मा सौंपा गया है और अगर यह खबर सच है तो इसका एक ही मतलब निकलता है कि सचिन पायलट इस बार कांग्रेस और भाजपा से अलग हटकर कुछ नया करने की योजना पर काम रहे हैं।

दरअसल, यह माना जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी देकर सचिन पायलट को राजस्थान भेजने वाले राहुल गांधी ने भी इस बार उन्हें अकेला छोड़ दिया है। महज कुछ साल पहले वर्ष 2018 में सचिन पायलट को कांग्रेस का उभरता हुआ सितारा बताया जा रहा था। राहुल गांधी ने बड़ी ही उम्मीदों के साथ उन्हें राजस्थान कांग्रेस का अध्यक्ष बना कर जयपुर भेजा था। गांधी परिवार ने सचिन पायलट को राजस्थान की तत्कालीन वसुंधरा राजे सिंधिया की भाजपा सरकार को विधानसभा चुनाव में हराकर सत्ता से बाहर करने का दायित्व सौंपा था। उस समय अशोक गहलोत को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बनाया गया था जो कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद सबसे ज्यादा ताकतवर पद माना जाता है।

चुनाव के पहले तक यह तय माना जा रहा था कि अगर कांग्रेस राजस्थान में चुनाव जीतती है तो सचिन पायलट ही राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे, आखिर उनके सर पर उस समय में कांग्रेस के सबसे ताकतवर व्यक्ति और भविष्य के



चेहरे राहुल गांधी का हाथ जो था। राहुल गांधी के भरोसे पर खरे उतरते हुए सचिन पायलट ने बतौर प्रदेश अध्यक्ष विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरा कर वसुंधरा राजे सिंधिया को सत्ता से बाहर कर दिया। लेकिन जब मुख्यमंत्री पद पर ताजपोशी की बात आई तो जादूगर के नाम से मशहूर अशोक गहलोत ने दिल्ली छोड़कर जयपुर की ओर रुख कर लिया। उस समय नेताओं की एक लॉबी राहुल गांधी को यह समझाने में कामयाब हो गई कि पायलट अभी युवा हैं और उनके पास मुख्यमंत्री बनने के लिए अभी लंबा समय है। लेकिन 2018 से 2023 तक आते-आते कांग्रेस पार्टी में सचिन पायलट के लिए स्थिति लगातार असहज होती चली गई।

कांग्रेस पार्टी के रुख से अब यह साफ-साफ नजर आने लगा है कि सचिन पायलट को इस टर्म में सीएम का पद नहीं मिलने वाला है और भविष्य को लेकर भी फिलहाल उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल पा रहा है। सचिन पायलट के अनशन के खिलाफ जिस स्पष्ट तरीके से कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने अशोक गहलोत का साथ दिया और जिस तरह से प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ मिलकर कांग्रेस विधायकों से वन-टू-वन फीडबैक ले रहे हैं , उससे भी यह स्पषट हो रहा है कि कांग्रेस गहलोत की अगुवाई में ही विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ वसुंधरा राजे सिंधिया के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के मामले की जांच की मांग को लेकर अनशन पर बैठकर फिलहाल उन्होंने भाजपा के लिए भी अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं क्योंकि भाजपा भी चुनाव से पहले वसुंधरा राजे सिंधिया को नाराज कर सचिन पायलट को अपने पार्टी में शामिल करने का जोखिम नहीं उठा सकती है। पायलट को भी बखूबी इसका अंदाजा है इसलिए यह कहा जा रहा है कि वे अब प्रदेश की राजनीति में तीसरा मोर्चा खड़ा कर अपनी ताकत साबित करने का प्रयास कर सकते हैं।

राजस्थान से लोकसभा सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल तो पहले ही सचिन पायलट को कांग्रेस से इस्तीफा देकर तुरंत नई पार्टी बनाने की सलाह दे चुके हैं। बेनीवाल पायलट की नई पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार है और उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने को भी तैयार हैं।

राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद आम आदमी पार्टी भी जोर-शोर से राजस्थान में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। जिस दिन सचिन पायलट अनशन पर बैठे थे, उस दिन सबसे पहले आम आदमी पार्टी ही उनके समर्थन में सामने आई थी। ऐसे में संभावना यह जताई जा रही है कि भ्रष्टाचार के नाम पर आम आदमी पार्टी भी पायलट के मोर्चे में शामिल हो सकती है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो सचिन पायलट, हनुमान बेनीवाल और केजरीवाल के साथ मिलकर अगर तीसरा मोर्चा बनाने में कामयाब हो जाते हैं तो सिर्फ कांग्रेस ही नहीं बल्कि भाजपा के समीकरण को भी बिगाड़ सकते हैं लेकिन अगर मायावती की पार्टी बसपा भी उनके गठबंधन में शामिल हो जाती है तो फिर वे राजस्थान की राजनीति में नया इतिहास बना सकते हैं लेकिन अभी इसमें कई किंतु-परंतु भी लगे हुए हैं कि क्या सचिन पायलट कांग्रेस से अलग होकर अपने नए राजनीतिक दल का गठन करने जैसा बड़ा फैसला करने को तैयार हैं? हनुमान बेनीवाल तो उन्हें नेता मान चुके हैं लेकिन क्या मायावती और केजरीवाल राजस्थान में पायलट को नेता मानने को तैयार हैं ? इन सभी सवालों के जवाब फिलहाल भविष्य के गर्भ में ही छिपे हुए हैं।

# सबसे बड़ा सवाल- राजस्थान में इस बार के विधानसभा चुनाव में राज बदलेगा या रिवाज?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में सिर्फ सात महीने का समय रह गया है। ऐसे में अब सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत बना कर चुनावी व्यूह रचना बनाने में लग गए हैं। जहां सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि उनकी लोक हितकारी योजनाओं से इस बार के चुनाव में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज बदल जाएगा। वहीं भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा।

राजस्थान में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप ने विधानसभा चुनाव का प्रभारी राज्यसभा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक को पहले ही नियुक्त कर रखा है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के 7 विधायकों- अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी लगाया है।

पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके एक जनसभा को भी संबोधित कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य प्रत्याशियों का रहा था। 2018 के चुनाव में आप को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि अब पार्टी के नेता प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं।

राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भाजपा भी विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1.22 प्रतिशत यानी एक लाख 77 हजार 699 वोट अधिक प्राप्त कर 79 सीट अधिक जीत ली थी। वहीं इतने वोटों के अंतर पर भाजपा की 90 सीटें कम हो गई थी। जिससे भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी। अपनी पिछले विधानसभा चुनावों की कमी को दूर करने के लिए भाजपा अभी से जुट गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम कर रही है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के चंद्रप्रकाश जोशी (सीपी जोशी) को नियुक्त किया गया है। सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से दूसरी बार लोकसभा सदस्य हैं। जयपुर में कुछ दिनों पूर्व ही ब्राह्मण समाज ने लाखों लागों को एकत्रित कर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया था। जिसमें ब्राह्मण समाज ने प्रदेश की सभी पार्टियों से उनके समाज को सत्ता में अधिक भागीदारी देने की मांग की थी। उस सम्मेलन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा ने सीपी जोशी की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी।

भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनियां को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है। सतीश पूनियां पहली बार आमेर से विधायक बने हैं। इसलिए उन्हें उपनेता का पद ही मिल पाया है। चर्चा है कि मीणा समाज के राज्यसभा सदस्य डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज के गजेंद्रसिंह शेखावत, यादव (अहीर) समाज के डॉक्टर भूपेंद्र यादव, ब्राह्मण समाज के



अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

जाट समाज के कैलाश चौधरी, अनुसूचित जाति के अर्जुन राम मेघवाल केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। बनिया समाज के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। वही गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। झुंझुनू से सांसद, केंद्र सरकार में उप मंत्री, अजमेर जिले के किशनगढ़ से विधायक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ भी उपराष्ट्रपति पद पर हैं। गुर्जर समाज की अलका गुर्जर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव हैं। ओमप्रकाश माथुर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उनके किसी समर्थक को भाजपा चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाने की चर्चा चल रही थी। मगर कांग्रेस नेता सचिन पायलट द्वारा उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी में उनकी भूमिका कम हो सकती है।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी प्रदेश में अपनी पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुये हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरा संगठन पार्टी अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के इर्द गिर्द ही घूमता रहता है। बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में सभी दलों के बड़े नेता आये थे।

कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके।

कांग्रेस के 400 में से 367 ब्लॉक अध्यक्षों की तो नियुक्तियां हो चुकी हैं। मगर अधिकांश जिला अध्यक्षों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इस कारण नीचे के स्तर पर संगठन पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में 3 विधायकों- अमित चाचान, इंद्राज सिंह गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित कुल 8 लोगों को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। वहीं सात लोगों को मीडिया पैनलिस्ट और तीन लोगों को मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

कांग्रेस में 25 सितंबर 2022 की घटना में दोषी नेताओं पर अभी तक कार्यवाही नहीं होने से भी सचिन पायलट खासे नाराज बताये जा रहे हैं। सचिन पायलट ने जयपुर में एक दिन का उपवास रखकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर मिलीभगत का खेल खेलने का आरोप लगाया है। पायलट के अनशन को रोकने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने बहुत दबाव बनाया था मगर पायलट अनशन करके ही माने। हालांकि कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पायलट के अनशन को पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित कर दिया था। मगर पायलट के खिलाफ अभी तक अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई है। अंदरखाने पायलट को हनुमान बेनीवाल सहित आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि यदि पायलट के खिलाफ किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगे तो राजस्थान की स्थिति भी पंजाब की तरह हो सकती है।

कुल मिलाकर चुनावी दौर में कांग्रेस पार्टी आपसी गुटबाजी की शिकार हो गई है जिसका खामियाजा उन्हें अगले विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मूल के शख्स को दी गई फांसी, क्या है गुनाह?

सिंगापुर। भारतीय मूल के मादक पदार्थ तस्कर थंगाराजू सुपैय्या को फांसी दे दी गई। अदालत ने सजा माफ करने के लिए उसके परिवार, और संयुक्त राष्ट्र की ओर से दाखिल अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी थी। सुपैय्या को हाई कोर्ट ने मादक पदार्थ की तस्करी की साजिश रचने के मामले में दोषी ठहराया था। यह साजिश एक किलो भांग की सप्लाई से जुड़ी थी। यहां की एक अदालत द्वारा 11 घंटे की अपील खारिज किए जाने के एक दिन बाद तंगाराजू सुप्पिया को चांगी जेल में फांसी दे दी गई। 46 वर्षीय को 2018 में 2013 में 1 किलो भांग आयात करने के लिए दो अन्य पुरुषों के साथ समन्वय करने के लिए सजा सुनाई गई थी।

### कार ने दो स्कूटी में मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में सदर थाना क्षेत्र में पुलिस लाइन के सामने एक कार ने एक के बाद एक दो स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे एक की मौत हो गई एवं एक अन्य घायल हो गया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि बुधवार को यहां पुलिस लाइन के सामने एक क्रेटा कार ने अधिवक्ता मोहित शर्मा की स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे वह वहीं गिरकर घायल हो गए। सिंह ने बताया कि चालक कार लेकर भागने लगा और चंद कदम आगे जाकर उसी कार ने बोदला-बिचपुरी रोड स्थित आगरा के भगवती विहार निवासी मुकेश सैनी (45) की स्कूटी में टक्कर मार दी, फलस्वरूप वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने देखा तो कार चालक को दौड़ाकर पकड़ा लिया। उधर, कचहरी में इस बात की अफवाह फैल गयी कि वकील को टक्कर मारने से उसकी मौत हो गई। इससे बड़ी संख्या में वकील सड़क पर आ गए।

### स्वीडन ने लॉन्च किया रिसर्च रॉकेट गलती से नॉर्वे पर जा गिरा, हादसे पर विदेश मंत्रालय का फूटा गुस्सा

खार्तूम। स्पेस कॉर्प द्वारा सोमवार तड़के उत्तरी स्वीडन के एस्रेंज स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया एक रिसर्च खराब हो गया और पड़ोसी देश नॉर्वे के अंदर 15 किमी (9.32 मील) दूर जा गिरा। जेंसी ने एक बयान में कहा कि रॉकेट 250 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचा जहां शून्य गुरुत्वाकर्षण में प्रयोग किए गए। एसएससी में संचार प्रमुख फिलिप ओल्सन ने न्यूज एजेंसी रायटर्स को बताया कि यह 1,000 मीटर की ऊंचाई पर और निकटतम बस्ती से 10 किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ों में उतरा। उन्होंने कहा कि जब चीजें गलत हो जाती हैं तो दिनचर्या होती है और हम स्वीडिश और नार्वेजियन सरकारों और अन्य अभिनेताओं दोनों को सूचित करते हैं। एजेंसी ने कहा कि पेलोड को पुनः प्राप्त करने का काम चल रहा है और अनियोजित उड़ान पथ के पीछे तकनीकी विवरण निर्धारित करने के लिए एक जांच शुरू की जा रही है। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने दुर्घटना की तुरंत सूचना नहीं देने पर स्वीडन से नाराजगी जताई।

# 'उत्तर प्रदेश और कर्नाटक का संबंध त्रेतायुग से', सीएम योगी बोले-हनुमान जी का जन्म इसी धरती पर हुआ था

नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार तेज है। भाजपा की ओर से भी जबरदस्त प्रचार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर्नाटक में भाजपा के लिए प्रचार करने पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को वह मांड्या पहुंचे थे। मांड्या में उन्होंने उत्तर प्रदेश और कर्नाटक का संबंध भी बताया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक का संबंध आज से नहीं, त्रेतायुग से है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के बनवास के सबसे अभिन्न सहयोगी श्री हनुमान जी का जन्म इसी कर्नाटक की धरती पर हुआ था। इसलिए आप देखते होंगे यह मित्रता कितनी अभिन्न है। उन्होंने कहा कि भक्त और स्वामी का संबंध कितना जुड़ा हुआ है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दुनिया में भगवान प्रभु राम का मंदिर



जहां भी होगा वहां हनुमान जी अवश्य होंगे। योगी आदित्यनाथ से कहा कि यह संबंधों की व्यवस्था सिर्फ वही से नहीं। उन्होंने कहा कि आज कई मठ कर्नाटक में है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कह दिया कि कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का संबंध बहुत पुराना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक में अपनी पहली चुनावी रैली में धर्म आधारित आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मजबूत 'डबल इंजन सरकार' के कारण पिछले छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) के गढ़ में एक चुनावी रैली के दौरान कहा, ''कांग्रेस पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का तुष्टिकरण करती है और धर्म आधारित आरक्षण देती है, जो भारतीय संविधान के खिलाफ है।'' योगी ने कहा कि भारत का विभाजन 1947 में धार्मिक आधार पर हुआ था। देश धर्म आधारित आरक्षण का समर्थन नहीं कर सकता और हम एक और विभाजन के लिए तैयार नहीं हैं। पार्टी नेता ने कहा कि केंद्र और कर्नाटक की भाजपा सरकारों ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा कर इस इस्लामी संगठन की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी है। न कोई कर्फ्यू,न कोई दंगा, वहां पर है सब चंगा (कोई कर्फ्यू नहीं है और कोई दंगा नहीं है। वहां सब ठीक है)। पिछले छह साल में उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ।

## आतंकवादियों को आश्रय, भोजन देने वाले शख्स पर गई जांच की सूई

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में 20 अप्रैल को सेना के वाहन पर हुए आतंकी हमले की जांच में एक बड़ी सफलता मिली है। एक ग्रामीण ने कथित तौर पर लगभग दो-तीन महीने तक आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान करने की बात स्वीकार की है। जहां वरिष्ठ पुलिस और सुरक्षा बल के अधिकारी विकास के बारे में चुप्पी साधे रहे, सूत्रों ने कहा कि भीमबेर गली-सुरनकोट-पुंछ रोड पर हुए आतंकी हमले के बाद पूछताछ के लिए उठाए गए लगभग 60 लोगों में से एक ग्रामीण था, जिसमें पांच सैनिक मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। सूत्रों ने कहा कि सेना के वाहन पर हमला करने वाले



आतंकवादी कथित तौर पर शुरू में ग्रामीण के घर पर रुके थे और बाद में भट्टा डूरियन जंगलों में चले गए। ग्रामीणों ने कथित तौर पर आतंकवादियों को भोजन और आश्रय सहित रसद प्रदान करने की बात स्वीकार की है। सुरक्षा बल ग्रामीणों को भी आतंकवादियों के ठिकाने तक ले जाने के लिए जंगल के अंदर ले गए। ज्ञात ओवर-ग्राउंड वर्कर्स (ध्डें) के अलावा, पुलिस और सुरक्षा बलों ने उस समय आतंकवादी हमले के स्थल के पास अपने मोबाइल फोन के स्थानों के आधार पर पूछताछ के लिए कई लोगों को उठाया था। पुलिस सूत्रों ने कहा कि कई लोगों के खिलाफ कुछ नहीं मिलने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। सुरक्षा बलों और पुलिस ने भट्टा डूरियन के जंगलों और बालाकोट, मेंढर और मनकोट सेक्टरों में नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों में पिछले एक हफ्ते से तलाशी जारी रखी है। हालांकि, आतंकियों का कोई पता नहीं चला है। इस बीच, उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को क्षेत्र में चल रही तलाशी की प्रगति का जायजा लिया और जवानों से बातचीत की। पांच दिनों में इलाके का यह उनका दूसरा दौरा था क्योंकि इससे पहले वह 22 अप्रैल को वहां गए थे।

## ग्रेटर नोएडा के 100 से ज्यादा स्कूलों पर 1-1 लाख जुर्माना

**आधुनिक समाचार सेवा**
**देव मणि शुक्ल**

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने प्राइवेट स्कूलों पर बड़ा एक्शन लिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद फीस वापस नहीं करने पर 100 से ज्यादा स्कूलों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि स्कूलों के पास 30 दिन का समय है, अगर अभिभावकों को फीस वापस नहीं की गई। तो यही जुर्माना 5-5 लाख रुपए का कर दिया जाएगा। इसकी वसूली भी स्कूलों से होगी। बता दें कि 2 दिन पहले उत्तराखंड पब्लिक स्कूल पर फीस को लेकर प्रिंसिपल और अभिभावकों के बीच गहमा-गहमी हो चुकी है। बकाया के चलते स्कूल सील की कार्रवाई भी हुई है।

स्कूल प्रबंधन पालन नहीं कर रहा था ये पूरा मामला कोरोना कॉल में सत्र 2021-22 में ली गई फीस से जुड़ा हुआ है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी स्कूल कोरोना काल सत्र 2021-22 में ली गई फीस का 15इ अभिभावकों को वापस करेंगे। आदेश के बाद भी स्कूल प्रबंधन पालन नहीं कर रहा था।



कुछ स्कूलों ने जवाब में कहा है कि कोरोना काल में उन्होंने अभिभावकों को स्वयं अपनी तरफ से 20 से 30इ की छूट दी थी, ऐसे में उस छूट को न्यायालय के आदेश में शामिल किया जाए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने शासन को पत्र लिखकर जानकारी मांगी।

एपीजे स्कूल नोएडा ने वर्तमान शैक्षिक सत्र में 35इ फीस बढ़ोतरी किए जाने से पहले जिला शुल्क नियामक समिति के तहत 60 दिन के अंदर न तो वेबसाइट पर अपलोड किया। न ही समिति के पास अनुमोदन किया।

ऐसे में स्कूल प्रबंधन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक को ये भी निर्देश दिए गए कि शासन की ओर से अनुमन्य फीस से अधिक कोई भी स्कूल फीस बढ़ोतरी न कर पाए। शासनादेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। छात्र और अभिभावकों को पुस्तकें, जूते, मोजे एक ही दुकान से खरीदने पर बाध्य नहीं किया जा सकता है। अब ये मामला डीएम के एक आदेश के बाद गरमा गया है। इसमें आदेश के बाद भी जिन स्कूलों ने अभिभावकों को 15इ पैसा वापस नहीं किया था। उसमें से लगभग 100 से अधिक स्कूलों पर एक-एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। जिलाधिकारी ने आदेश में कहा कि स्कूलों को हाईकोर्ट के आदेश का पालन करना चाहिए।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में रामनवमी हिंसा की एनआईए जांच के आदेश दिए

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस साल रामनवमी के दौरान हावड़ा, हुगली और दलखोला में हुई हिंसा की एनआईए जांच का गुरुवार को आदेश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल पुलिस को दो सप्ताह के भीतर जांच से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय का यह आदेश पश्चिम बंगाल में रामनवमी के दिन हुई हिंसा की एनआईए जांच की मांग वाली भाजपा विधायक सुभेंदु अधिकारी की जनहित याचिका पर आया है। पिछले साल पश्चिम बंगाल के हावड़ा शहर में रामनवमी का जुलूस निकाले जाने पर दो समूहों के बीच हिंसा हो गई थी। हिंसा के दौरान वाहनों में आग लगा दी गई, दुकानों में तोड़फोड़ की गई और पथराव किया गया। शहर में रामनवमी समारोह में हिंसा के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। हावड़ा, खड़गपुर, बैरकपुर, भद्रेश्वर, सिलीगुड़ी और आसनसोल में हजारों लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए उन जुलूसों में हिस्सा लिया।

## दिल्ली पहुंचे 360 भारतीय नागरिक, ऑपरेशन कावेरी के लिए पीएम का किया शुक्रिया

खार्तूम। भारत सहित कई देशों ने सूडान की राजधानी खार्तूम से राजनयिकों और नागरिकों को निकाला। 72 घंटे के संघर्ष विराम के प्रभावी होने के कारण हाल के दिनों में बचाव अभियान तेज हो गया है। विदेशी देश अपने नागरिकों को सूडान से सड़क, वायु और समुद्र के रास्ते सूडान से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, जहां सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लड़ाई में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और पानी, भोजन, दवाओं और ईंधन की भारी कमी हुई है। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, लड़ाई में कम से कम 512 लोग मारे गए हैं और 4,000 से अधिक घायल हुए हैं, और ग्रेटर खार्तूम के कुछ जिलों को खंडहर बना दिया है।

भारत ने हिंसाग्रस्त सूडान से अपने निकासी अभियान के तहत कम से कम 534 नागरिकों को बाहर निकाल लिया है और 360 भारतीयों का पहला जत्था आज रात दिल्ली पहुंच गया। यह अभियान सूडान की सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बीच कुछ समय के लिए जारी संघर्षविराम के दौरान चलाया





जा रहा है। भारतीय वायुसेना के दो परिवहन विमानों के जरिये सूडान से 256 भारतीयों को निकाला गया है। इससे पहले नौसेना के जहाज आईएनएस सुमेधा के माध्यम से इस हिंसाग्रस्त अफ्रीकी देश से 278 नागरिकों को निकाला गया था। अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सूडान से अब तक निकाले गए भारतीय नागरिकों की संख्या 534 हो गई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट कर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे भारतीयों की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, ''भारत अपनों का स्वागत करता है। ऑपरेशन कावेरी के तहत पहली उड़ान नयी दिल्ली पहुंची और 360 भारतीय नागरिक अपनी सरजमीं पर उतरे। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही लोगों ने भारत माता की जय, इंडियन आर्मी जिंदाबाद, पीएम नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।

## कांग्रेस के 'झूठे वादों' के झांसे में न आएं... शिवराज सिंह चौहान ने कर्नाटक के मतदाताओं को किया आगाह

बेलगावी। कर्नाटक में 10 मई को चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सभी पार्टियों के प्रचार चरम पर हैं। जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जल्द ही ताबड़तोड़ रैलिया होने वाली हैं वहीं कांग्रेन भी अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए रास्ते बना रही हैं। भाजपा-कांग्रेस के कई बड़े नेता इस समय कर्नाटक में चुनाव जीतने के लिए अपनी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जहां एक तरफ कांगेस के रणदीप सुरजेवाला ने अमित शाह के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई हैं। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान भी कर्नाटक में विपक्ष पर हमलावर हैं।

कर्नाटक की गोकक विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार रमेश जारकीहोली जब पड़ोसी निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे, तब गोकक में एक जनसभा को संबोधित कर रहे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मतदाताओं से उनके (जारकीहोली के) पक्ष में मतदान करने का अनुरोध कर रहे थे। शिवराज ने मतदाताओं से कांग्रेस द्वारा किए गए 'झूठे वादों' के झांसे में न आने की भी अपील की। बुधवार को हुई इस जनसभा में रमेश जारकीहोली की जगह उनके भाई बालचंद्र जारकीहोली मौजूद थे, जो अराभवी विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। भाजपा के कई अन्य दिग्गज नेता भी इस जनसभा में शामिल हुए। छह बार विधायक रह चुके रमेश जारकीहोली की गिनती न सिर्फ गोकक, बल्कि पूरे बेलगावी जिले के प्रभावशाली नेताओं में होती है। वह उन 17 विधायकों में शामिल थे, जिन्होंने 2019 में कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था, जिससे राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन सरकार गिर गई थी। माना जाता है कि रमेश जारकीहोली ने ही विधायकों को बगावत के लिए उकसाया था, जिससे भाजपा को कर्नाटक की सत्ता में लौटने में मदद मिली।



शिवराज ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ भाजपा सरकार विकास कार्य करती है, न कि कांग्रेस, जो लिंगायत-विरोधी है और जिसने कर्नाटक को सिर्फ 'भ्रष्टाचार, अपराध और कमीशन' में उलझाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल केवल झूठे वादे करता है। उन्होंने मतदाताओं से इन वादों के झांसे में न आने की अपील की। शिवराज ने कहा, 'कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वादों से सतर्क रहें। उन्होंने मध्य प्रदेश में कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कुछ भी नहीं किया गया।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस वोटों के लिए कुछ भी कर सकती है। वह आसमान से तारे तोड़कर लाने का वादा भी कर सकती है।'

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ 'पैसे बनाने के लिए' चुनाव जीतना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जद(एस) एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जो वंशवाद की राजनीति करते हैं। शिवराज ने कहा कि जद(एस) के पक्ष में मतदान करने से कांग्रेस मजबूत होगी। केंद्र और कर्नाटक में भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए शिवराज ने कहा कि राज्य में 'डबल इंजन' की सरकार के चुने जाने पर और विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने दावा किया, 'भाजपा एकमात्र पार्टी है, जो विकास कार्य कर सकती है। इसलिए, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करें, जो कर्नाटक को और मजबूत बनाएंगे।' शिवराज ने कांग्रेस से बगावत करने के लिए रमेश जारकीहोली का आभार भी जताया।कांग्रेस ने गोकक में महंतेश कड़ाडी को रमेश जारकीहोली के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा है।

## प्राधिकरण पर धरनारत वेंडर्स को तपन सेन ने किया संबोधित, पिछले 12 दिनों से सड़क पर है वेंडर्स

**आधुनिक समाचार सेवा**
**देव मणि शुक्ल**

नोएडा।कानून में मिले हक अधिकारों व अपने रोजगार को बचाने के लिए 12 अप्रैल से पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सम्बद्ध सी.आई.टी.यू. के बैनर तले नोएडा शहर के वेंडर्स आंदोलनरत है। 24 अप्रैल को नोएडा प्राधिकरण कार्यालय सेक्टर- 6, के समक्ष चल रहे धरने को सीटू के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद कामरेड तपन सेन ने संबोधित करते हुए वेंडर्स के आंदोलन व उनकी मांगों का समर्थन किया तथा उक्त मसले को लेकर केंद्र/ प्रदेश सरकार के स्तर पर कार्रवाई करने की बात कही और जरूरत पड़ी तो सहयोगी सांसदों के माध्यम से संसद में भी सवाल उठवाया जाएगा साथ ही उन्होंने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से अनुरोध किया कि हठधर्मिता पूर्ण रूप का त्याग करके पथ विक्रेता अधिनियम को सही से लागू करें और वेंडर्स को रोजगार करने दिया जाए तथा उनकी मांगों/ समस्याओं का समाधान करे। साथ ही उन्होंने सरकार पर भी आरोप लगाया कि कामगारों के लिए बने कानूनों को सरकार लागू नहीं कराना चाहती है सरकार की शह पर ही नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी वेंडर्स का उत्पीड़न कर रही है। धरने को संबोधित करते हुए



यूनियन की अध्यक्ष पूनम देवी व महामंत्री और सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हमारे हक अधिकारों की लड़ाई है जब तक हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होगा हमारा आंदोलन जारी रहेगा साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी पीड़ा व समस्याओं को लेकर बुधवार 26 अप्रैल को फिर क्षेत्र के विधायक व सांसद के कार्यालय पर उन्हें समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन देंगें। साथ ही उन्होंने कल फिर भारी संख्या में प्राधिकरण कार्यालय पर चल रहे धरने में शामिल होने के लिए अपील किया।

धरने में किसान सभा के कार्यकर्ता व गायक रतन गंभीर ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किए।

प्रदर्शन को सीटू जिला महासचिव रामसागर, सचिव राम स्वारथ, उपाध्यक्ष लता सिंह, जनवादी महिला समिति की जिला सचिव चंदा बेगम, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी, वेंडर्स के प्रतिनिधि छोटू, विनीता राघव, हरी गुप्ता, सतीश, मोतीलाल, बृजेश कुमार, रमाशंकर पाल, रामेश्वर स्वामी, राकेश, चंदन, फतेह सिंह, अमित रस्तोगी आदि ने संबोधित किया और कहा कि मांगें पूरी होने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने 25 अप्रैल को प्रातः 10 बजे तक सभी वेंडर से एकजुट होकर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय सेक्टर- 6, नोएडा धरना स्थल पर पहुंचने की अपील किया।

### भाजपा नेताओं की फोटो के साथ छेड़छाड कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक व्यक्ति को प्रदेश के भाजपा नेताओं की फोटो में छेड़छाड़ कर अपनी तस्वीर लगाने और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लोगों से ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उप्र एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हमने गाजीपुर के संजय राय नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली में रहता था और उत्तर प्रदेश के भाजपा नेताओं की फोटो में छेड़छाड़ कर उनके साथ अपनी तस्वीरें पोस्ट करता था। उसने कई लोगों को ठगा भी था। एसटीएफ की टीम ने राय को मंगलवार को गिरफ्तार किया था। पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के मीडिया सेल का एक ट्वीट साझा किया जिसमें इशारा किया गया है कि राय के भाजपा नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

## बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को मार गिराया

अमृतसर (पंजाब)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर के धनो कलां गांव के पास भारतीय क्षेत्र में हेरोइन और अफीम के पैकेट ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर के धनो कलां गांव के पास भारतीय क्षेत्र में हेरोइन और अफीम के पैकेट ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने क्षेत्र की प्रारंभिक तलाशी के दौरान आंशिक रूप से टूटी हुई स्थिति में एक काले रंग का ड्रोन (क्वाडकॉप्टर, डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके) बरामद किया। बीएसएफ ने कहा बरामद अन्य सामग्रियों में पीले चिपकने वाले टेप से लिपटा एक बड़ा पैकेट शामिल है जिसमें संदिग्ध हेरोइन के दो पैकेट और अफीम के दो छोटे पैकेट, खेप से जुड़ी एक लोहे की अंगूठी शामिल है। हेरोइन




के दो पैकेटों का कुल वजन 2 किलो और अफीम का 170 ग्राम है। इससे पहले बुधवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ कर रहे एक ड्रोन पर गोलीबारी कर उसे रोक दिया। बीएसएफ ने एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान की ओर से प्रवेश कर रहे एक दुष्ट ड्रोन को अमृतसर सेक्टर में सतर्क बीएसएफ सैनिकों द्वारा गोलीबारी के साथ रोक दिया गया। दागे जाने पर ड्रोन वापस पाकिस्तान की ओर लौट गया।' अर्धसैनिक बल ने कहा कि 28 मार्च को, बीएसएफ ने अमृतसर में एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया, जब यह वर्जित वस्तुओं की खेप लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। ड्रोन को अमृतसर में तब मार गिराया गया जब बीएसएफ के जवानों ने उड़ने वाली वस्तु की भनभनाहट सुनी। इसे अगले दिन सुबह सीमा सुरक्षा बल द्वारा चलाए गए एक तलाशी अभियान के दौरान बरामद किया गया था।

बीएसएफ ने कहा कि ड्रोन पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया और अमृतसर सेक्टर में सीमा चौकी राजाताल के क्षेत्र में इसका पता चला। इससे पहले, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने भारत-पाक सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया, जो 2 फरवरी से 3 फरवरी की रात 2:30 बजे अमृतसर सेक्टर में घुसपैठ कर गया था। बीएसएफ ने कहा कि ड्रोन पंजाब के अमृतसर सेक्टर में बॉर्डर ऑब्जर्वेशन पोस्ट (बीओपी) रियर कक्कड़ की जिम्मेदारी के क्षेत्र में घुस गया।

## कॉफी विद करण 8 के पहले मेहमान होंगे रणबीर कपूर और आलिया भट्ट

मुम्बई। क्या हम सभी को कॉफी विद करण पसंद नहीं है? होस्ट करण जौहर, अपने चुटकीले रवैये के साथ, एक शानदार टॉक शो होस्ट हैं, जो दर्शकों के साथ-साथ मेहमानों को भी अपने इशारों पर नचा लेते हैं। कॉफी विद करण के अब तक 7 सफल सीजन हो चुके हैं। और अब करण कथित तौर पर अपने प्रसिद्ध चैट शो के 8वें संस्करण के साथ वापसी करने की योजना बना रहे हैं। कॉफी विद करण 8 कथित तौर पर इस साल अगस्त या सितंबर में फ्लोर पर जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खेंख8 का ओपनिंग एपिसोड काफी शानदार होने वाला है क्योंकि फिल्म निर्माता अपने पहले मेहमान के रूप में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को लेने की कोशिश कर रहे हैं। पहले यह बताया गया था कि शाहरुख खान कॉफ़ी विद करण 8 पर अपनी वापसी करेंगे और करण के चैट शो में आने वाले पहले सेलिब्रिटी अतिथि होंगे। हालाँकि, अब रिपोर्ट्स बताती हैं कि करण जौहर आलिया



भट्ट और रणबीर कपूर को लेने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म निर्माता कथित तौर पर चाहते हैं कि युगल अपने शो में अपने विवाहित जीवन और पितृत्व के बारे में बात करें। कॉफी विद करण 8 में शाहरुख खान और आलिया-रणबीर के अलावा यश, अल्लू अर्जुन और ऋषभ शेट्टी के शामिल होने की उम्मीद है। यश (केजीएफ फेम), अल्लू अर्जुन (पुष्पा फेम) और ऋषभ शेट्टी (कांतारा फेम) को उनकी पत्नियों के साथ आमंत्रित कर रहे हैं। काम के मोर्चे पर, करण जौहर 7 साल बाद रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ निर्देशन में वापसी कर रहे हैं। फिल्म निर्माता की आखिरी निर्देशित फिल्म रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा की ऐ दिल है मुश्किल थी। उनकी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की बात करें तो इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट हैं। फिल्म में जया बच्चन, शबाना आजमी और धर्मेंद्र भी हैं। यह 28 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## मिलिए राजस्थान की 19 वर्षीय नंदिनी गुप्ता से जिन्हें मिस इंडिया 2023 का ताज पहनाया गया

मुम्बई। राजस्थान के कोटा की नंदिनी गुप्ता को फेमिना मिस इंडिया 2023 का ताज पहनाया गया। नंदिनी को 15 अप्रैल को आयोजित ग्रैंड फिनाले समारोह में प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया।

**कौन हैं नंदिनी गुप्ता?:** राजस्थान के कोटा की 19 वर्षीया ने 10 साल की उम्र से मिस इंडिया बनने का सपना देखा था। आधिकारिक वेबसाइट पर उनके बायो के अनुसार नंदिनी ने सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। फिलहाल वह लाला लाजपत राय कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रही हैं।

**नई ब्यूटी क्वीन के पीछे की कहानी:** नंदिनी ने प्रतियोगिता के साथ एक साक्षात्कार में कहा 'मेरे जीवन में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति सर रतन टाटा हैं, जो मानवता के लिए सब कुछ करते हैं और इसका अधिकांश हिस्सा दान में देते हैं। लाखों लोगों द्वारा पसंद किया गया और हमेशा जमीन से जुड़ा रहा। रतन टाटा के साथ, नंदिनी ने यह भी बताया कि कैसे प्रियंका चोपड़ा ने उन्हें मिस इंडिया पेजेंट यात्रा





शुरू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा मिस वर्ल्ड 2000 प्रियंका चोपड़ा, जिन्होंने बहुत कम उम्र में राष्ट्रीय खिताब प्राप्त किया, वैसे ही उन्होंने भारत को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उन्होंने समाज को वापस दिया और एक अभिनेता के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वह लोगों को प्रेरित करती हैं, उनका सेंस ऑफ ह्यूमर अच्छा है और बढ़ने के साथ-साथ उनमें और अधिक हासिल करने का उत्साह है।'

**गाला घटना:** फेमिना मिस इंडिया 20223 स्टार्स से भरा रहा और अनन्या पांडे और कार्तिक आर्यन जैसे सेलेब्स ने पावर-पैक परफॉर्मेंस दी। इस इवेंट को भूमि पेडनेकर और मनीष पॉल ने होस्ट किया था। राज्य विजेताओं को फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स 2002 और मेंटर नेहा धूपिया, बॉक्सिंग आइकॉन लैशराम सरिता देवी, जाने-माने कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस, फिल्म निर्देशक और लेखक हर्षवर्धन कुलकर्णी और प्रतिष्ठित डिजाइनरों रॉकी स्टार और नम्रता जोशीपुरा के एक एलीट पैनल द्वारा जज किया गया।

## 'कभी ऐसा हुआ तो...'शादी की अफवाहों के बीच परिणीति ने निजी जिंदगी पर किया खुलासा

मुम्बई। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा पिछले कुछ समय से अपनी लव लाइफ की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री का नाम आप सांसद राघव चड्ढा के साथ जुड़ रहा है। खबर है कि दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं। शादी की अफवाहों के बीच परिणीति और राघव लगातार एयरपोर्ट पर साथ में स्पॉट हो रहे हैं। हालाँकि, दोनों ने अपने रिश्ते और शादी की ख़बरों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, परिणीति और राघव सगाई के बाद अपने रिश्ते को आधिकारिक कर सकते है। सगाई और शादी की अफवाहों के बीच अभिनेत्री ने एक मीडिया आउटलेट को इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी निजी जीवन पर खुलकर बात की है। परिणीति चोपड़ा लाइफस्टाइल एशिया इंडिया मैगज़ीन के अप्रैल एडिशन की कवर गर्ल बनी हैं। इस दौरान उन्होंने मैगज़ीन को एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने निजी जिंदगी के बारे में बातचीत की। इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री से सवाल पूछा गया कि वह निजी जीवन में अपने लिए सीमाएं कैसे निर्धारित करती है? इसके जवाब में परिणीति ने कहा, 'हम अपने लिए, अपने चेहरों के लिए, और अपने नाम के लिए इस देश में हर एक लिविंग रूम तक पहुँचने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। हम अपनी पूरी मेहनत करते हैं। इसलिए जब पहचान, प्यार और स्वीकृति होती है, तो मैं इसे केवल सफलता के रूप में देखती हूं।' सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बने रहने पर परिणीति ने कहा, 'अगर मैं कोई नहीं हूँ और उन्हें मुझमे कोई दिलचस्पी नहीं है तो इसका मतलब यह है कि एक अभिनेत्री के रूप में मैंने जो हासिल करने की कोशिश की, वह मैं हासिल नहीं कर पाई क्योंकि एक सफल अभिनेत्री प्रसिद्ध होगी, हर किसी के घरों, लिविंग रूम, समाचार, समाचार चैनलों, डिजिटल मीडिया, पैपराजी संस्कृति का एक हिस्सा होगी। मुझे लगता है कि मेरा जीवन दुनिया के लिए है।' सोशल मीडिया पर अपने बारे पर उड़ती अफवाहों पर अभिनेत्री ने कहा, 'मेरे जीवन और उसके बारे में चर्चा करने वाले लोगों के बीच एक छोटी सी रेखा है। लोग कभी-कभी इस रेखा को लांघते जाते हैं और असम्मानजनक बाते करने लगते हैं। यदि कभी ऐसा होता है, किसी ने कुछ गलत किया है तो मैं उसे स्पष्ट कर दूंगी।'



## दीया मिर्जा की सौतेली बेटी भी है बड़ी स्टाइलिश ऐक्ट्रेस का शेयर किया फोटो हो रहा वायरल

मुम्बई। दीया मिर्जा इन दिनों इंस्टाग्राम पर अपनी हॉलिडे पिक्स शेयर करती नजर आ रही हैं। इनमें इस अदाकारा का स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है, जो साफ तौर पर स्टाइल गोल्स दे रहा है। हालांकि, एक पिक ऐसी भी है, जो लोगों का ज्यादा अटेंशन पा रही है। इसमें दीया को अपनी स्टेप डॉटर के साथ पोज देते देखा जा सकता है। फोटो में यंग समायरा को देख ये अंदाजा लगाना आसान है कि वह अभी से ही स्टाइल के मामले में अच्छी पकड़ रखती है। दीया ने मालदीव के बीच पर इंजॉय करते हुए अपने कई फोटोज शेयर किए हैं। इस दौरान उनके चेहरे का ग्लो और खूबसूरती बस देखते ही बन रही है। हालांकि, ऐक्ट्रेस ने जब अपनी सौतेली बेटी समायरा के साथ फोटो शेयर किया, तो वो तेजी से वायरल हो गया। इस तस्वीर में अदाकारा की स्टेप डॉटर को ग्रीन कलर के जंपसूट में देखा जा सकता है, जिस पर वाइट कलर का ओवरऑल प्रिंट था। ये आउटफिट ऐसी थी जो समायरा को क्यूट ऐंड स्टाइलिश लुक दे रही थी।

**स्टाइलिश समायरा:** वैसे समायरा अपनी मॉम सुनैना के





इंस्टाग्राम पेज पर भी कई तस्वीरों और विडियोज में दिखाई देती रहती है। इनमें भी इस किड का स्टाइलिश ऐंड क्यूट साइड देखने को मिलता है। एक बात तो साफ है कि समायरा का अभी से ही स्टाइलिंग सेंस काफी डेवलप है। इस पिक में भी ऑल ब्लैक क्लोद्स में इसका सबूत साफ तौर पर देखा जा सकता है। **दीया का बिकीनी लुक:** दीया मिर्जा के हॉलिडे लुक पर आएं, तो उन्होंने सबसे पहले बिकीनी में तस्वीर शेयर की थी। इस फोटो में अदाकारा को ग्रीन कलर की ब्रा और उसके ऊपर दिव्या लेबल का थ्रेड वर्क वाला श्रग पहने देखा जा सकता है। इसे सी-थ्रू मटीरियल से तैयार किया गया था, वहीं ग्रीन ऐंड येलो थ्रेड वर्क के साथ ही मिरर वर्क भी किया गया था। इससे दीया को काफी स्टनिंग लुक मिल रहा था। **प्रिटी वाइट ड्रेस:** इस फोटो में अदाकारा को वाइट कलर की समर परफेक्ट आउटफिट में देखा जा सकता है। इसकी हॉल्टर नेकलाइन और वलूमनस फॉल काफी अच्छे लग रहे थे। दीया मिर्जा ने इस लुक को जूट हैट और ब्लैक ग्लासेस के साथ परफेक्ट फिनिश दिया था।

## कपिल शर्मा शो छोड़ने के 6 साल बाद टीवी पर वापसी कर रहे हैं

मुम्बई। टीवी पर कुछ सितारों ने ऐसे किरदार निभाए हैं जिसे दर्शक शायद ही कभी भूल सकते हैं। कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर उनमें से ही एक कलाकार हैं जिन्होंने अपने द्वारा निभाए गये किरदार को लोगों के दिलों में बसा दिया। कुछ उन्हें गुत्थी के रूप में याद करते हैं, तो कुछ उनके डॉ मशहूर गुलाटी के अवतार से प्यार करते हैं। कई लोग आज भी रिंकू भाभी की क्लिप देखकर ठहाके लगाते हैं। सुनील ग्रोवर ऐसे कॉमेडियन हैं जिसने स्टेज पर आते ही सना बंध जाता था। कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर इंडस्ट्री में कोई नया नाम नहीं हैं और उन्होंने कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो जैसे शो के साथ अपने असाधारण अभिनय को साबित किया है। हालांकि सुनील ग्रोवर अब कॉमेडी शोज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उनके किरदार को आज भी फैंस काफी पसंद करते हैं। सुनील अब एटली के निर्देशन में बन रही जवान में शाहरुख खान के साथ नजर आने की तैयारी कर रहे हैं। जब वह अपनी फिल्मों के लिए कमर कस रहे थे, तब एक समाचार पोर्टल ने हाल ही में उनसे संपर्क किया, ताकि उनकी टेलीविजन पर वापसी की योजना के बारे में पता चल सके। टेलीविजन को अपनी सफलता का श्रेय देते हुए, सुनील ग्रोवर ने पिंकविला को बताया, 'टेलीविजन एक बहुत बड़ा माध्यम है, और मैं टेलीविजन की वजह से ही सब कुछ हूं। मैं वास्तव में टेलीविजन पर कुछ करने को तैयार हूं, और अगर कुछ दिलचस्प पेशकश की जाती है तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगा।' इस बीच 45 वर्षीय अभिनेता सुनील ग्रोवर बैक-टू-बैकअपने आने वाले प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। वर्तमान में वह यूनाइटेड कच्चे नामक अपने आगामी वेब शो पर काम कर रहे हैं। मानव शाह द्वारा निर्देशित, 8-एपिसोड की वेब सीरीज यूनाइटेड किंगडम में शूट की गई है। कहानी लंदन में अप्रवासियों के चुनौतीपूर्ण जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। सुनील ग्रोवर के अलावा, हल्के-फुल्के ड्रामा में सतीश शाह, सपना पब्बी, निखिल विजय, मनु ऋषि चड्ढा, नयनी दीक्षित और नीलू कोहली महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए, सुनील ग्रोवर ने साझा किया कि वह ज़ी5 के साथ फिर से यूनाइटेड कच्चे के लिए इस उम्मीद और प्रत्याशा के साथ साझेदारी करके खुश हैं कि उनके दर्शक उनकी नई श्रृंखला को भी बहुत प्यार करेंगे।

## नयी बुलेटप्रूफ कार से अपनी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने पहुंचे थे सलमान खान, 1 करोड़ है नयी गाड़ी की कीमत

मुम्बई। ई-मेल और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद भी सलमान खान का हौसला बुलंद है। अभिनेता ने 10 अप्रैल को मुंबई के जुहू में अपनी आने वाली बड़े बजट की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए शहर में कदम रखा। वह अपनी सुरक्षा के लिए हाल ही में खरीदी गई हाई-एंड बुलेटप्रूफ एसयूवी से कार्यक्रम में पहुंचे। अनजान लोगों के लिए सलमान ने जो कार खरीदी है वह दुबई से इम्पोर्ट की गई है। इसे अभी भारत में लॉन्च नहीं किया गया है।

सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। उन्हें कुछ हफ्ते पहले ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली थी, जिससे उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इसके बाद उन्हें एक और जान से मारने की धमकी मिली जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि वह उन्हें 30 अप्रैल को खत्म कर देगा! 10 अप्रैल को रात 9 बजे मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में धमकी भरी कॉल की गई। शुरू में कॉल करने वाले की पहचान नहीं हो पाई थी। हालांकि, उन्होंने अब खुद को



जोधपुर के गौरक्षक रॉकी भाई के रूप में पहचाना है। उसने 30 अप्रैल, 2023 को खान को खत्म करने की धमकी दी। उसी के बाद मुंबई पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

.369इस बीच सलमान खान 10 अप्रैल को मुंबई में किसी का भाई किसी की जान के ट्रेलर लॉन्च पर अपनी नई बुलेटप्रूफ एसयूवी में पहुंचे। यह एक निसान पेट्रोल एसयूवी है। कार दुबई से आयात की गई है क्योंकि यह अभी तक भारतीय बाजार में उपलब्ध नहीं है। सलमान ने सुरक्षा के लिहाज से यह कार अपने लिए लेने का फैसला किया। दुबई में सलमान खान की निसान पेट्रोल की ऑन-रोड कीमत 45.89 लाख रुपये से 88 लाख रुपये के बीच है। चूंकि एसयूवी भारत में उपलब्ध नहीं है, इसलिए अभिनेता ने आयात कर और अनुकूलन के शुल्क के साथ एसयूवी की कीमत का भुगतान किया होगा। यह मान लेना सुरक्षित होगा कि सलमान की कार की कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है!

## रविशंकर ने दिलाई शास्त्रीय संगीत को लोकप्रियता, आखिरी सांस तक नहीं छोड़ा सितार का साथ

मुम्बई। पूरी दुनिया में भारतीय शास्त्रीय संगीत को लोकप्रियता के नए आयाम देने वाले सितार वादक पंडित रविशंकर शर्मा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। हालांकि सितार से रविशंकर का जुड़ाव काफी बाद में हुआ। इससे पहले उनका झुकाव डांस की ओर था। आज ही के दिन यानी की 7 अप्रैल को पंडित रविशंकर का जन्म हुआ था। पंडित रविशंकर एक भारतीय संगीतकार और कंपोजर थे। उनके सितार का वादन के लिए कई सम्मानों से भी सम्मानित किया गया। आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर पंडित रविशंकर के जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें...

**जन्म और शिक्षा:** बनारस में एक बंगाली ब्राह्मण परिवार के घर में पंडित रविशंकर का जन्म 7 अप्रैल 1920 को हुआ था। शुरुआत में शंकर के पिता श्याम शंकर अंग्रेजों के अधीन एक स्थानीय बैरिस्टर के रूप में कार्य करते थे। इसके बाद वह वकील के तौर पर लंदन में काम करने लगे। वहीं रविशंकर का पालन-पोषण उनकी मां विसालक्षी रत्नम ने अकेले ही किया था। रविशंकर 8 साल की उम्र तक अपने पिता श्याम शंकर से नहीं मिले थे। इसके बाद में वह अपने बड़े भाई के साथ रहने लगे। रविशंकर के बड़े भाई उदय शंकर उस दौरान फेमस नर्तक थे। साल 1930 में शंकर ने संगीत सीखने के साथ ही अपने भाई के नृत्य मंडली में शामिल हो गए। रविशंकर ने महज 10 साल की उम्र में नृत्य मंडली के साथ अमरीका और यूरोप के दौरे किए। रविशंकर ने एक नृतक के तौर पर कई यादगार प्रदर्शन किए।

**सितार के प्रति झुकाव:** रवि शंकर काफी सालों बाद करीब 18 साल की उम्र में सितार से परिचित हुए थे। उनका सितार के प्रति झुकाव कोलकाता में हुए एक संगीत कार्यक्रम में शुरू हुआ। इस दौरान रविशंकर ने अमिया कांति भट्टाचार्य को शास्त्रीय वाद्य यंत्र बजाते हुए सुना। रविशंकर अमिया कांति के प्रदर्शन से इतने ज्यादा प्रभावित हुए कि उन्होंने भी भट्टाचार्य के गुरु उस्ताद इनायत खान से सितार सीखने का फैसला ले लिया। शंकर के जीवन में यही वह पल था, जब सितार के साथ उनका रिश्ता अंतिम सांस तक बना रहा।

**सितार के साथ शुरुआती सफ़र:** पंडित रविशंकर एक भारतीय संगीतकार और कंपोजर थे। पूरी दुनिया में शंकर को भारतीय शास्त्रीय वाद्ययंत्र सितार को लोकप्रिय बनाने का श्रेय जाता है। वह पश्चिम में और भी अधिक फेमस थे। कहा जाता है कि रविशंकर के संगीत में आध्यात्मिक शांति छिपी थी। जो सुनने वाले के सीधे दिल में उतर जाती थी। रविशंकर में इस कदर संगीत का जुनून भरा हुआ था कि 90 साल की उम्र तक भी उन्होंने संगीत और सितार का साथ नहीं छोड़ा। एक इंटरव्यू में जब रविशंकर से सवाल किया गया कि वह 91 साल की उम्र में भी इतना जोश कहां से लाते हैं तो उन्होंने जवाब में कहा कि भले ही उनका शरीर 91 साल है, लेकिन उनका मन तो अभी भी जवान है।

**सितार वादन का प्रशिक्षण:** पंडित रविशंकर ने अपने गुरु उस्ताद इनायत खान के नेतृत्व में सितार बजाना सीखा। इसके बाद वह मुंबई चले गए और यहां पर इंडियन पीपल्स थिएटर एसोसिएशन के लिए काम करने लगे। साल 1946 तक बैले के लिए संगीत की रचना की। इसके बाद साल 1950 में नई दिल्ली रेडियो स्टेशन ऑल-इंडिया रेडियो के निर्देशक के तौर पर कार्य करने लगे। इस पद पर वह 1956 तक बने रहे ि ंके दौरान रविशंकर ने पश्चिमी शास्त्रीय वाद्ययंत्र, ऑर्केस्ट्रा के लिए मिश्रित सितार और भारतीय वाद्ययंत्रो के साथ कई धुनों की रचना की।

वहीं साल 1953 में रविशंकर ने सोवियत संघ के लिए प्रदर्शन किया। जिसके बाद साल 1956 में रविशंकर को प्रदर्शन के लिए पश्चिम में जाना पड़ा। वहां पर पंडित रविशंकर ने रॉयल फेस्टिवल हॉल और एडिनबर्ग फेस्टिवल जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में उन्होंने बेहतरीन संगीत का प्रदर्शन किया। जिसके बाद से उनकी विदेशों में भी लोकप्रियता बढ़ने लगी और वह पूरी दुनिया में फेमस होने लगे। बता दें कि उन्होंने फिल्म निर्देशक सत्यजीत रे के लिए भी संगीत लिखा था।

**राजनीतिक करियर:** भारतीय संगीत में अपना अहम योगदान देने के लिए प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंडित रविशंकर को राज्यसभा के लिए नामित किया गया था। इस दौरान शंकर 1986 से लेकर साल 1992 तक भारतीय संसद के उच्च सदन के सदस्य के रूप में कार्य करते रहे।

**जॉर्ज हैरिसन के साथ एसोसिएशन:** साल 1966 में लंदन में एक कार्यक्रम के दौरान पंडित रविशंकर की मुलाकात बैंड बीटल्स के सदस्य जॉर्ज हैरिसन से हुई। हैरिसन पंडित रविशंकर से काफी प्रभावित था। जिस कारण उसने शंकर से मित्रता कर ली और उनसे सितार सीखना शुरू कर दिया। इस मित्रता का सीधा फायदा रविशंकर को भी हुआ। इससे पंडित रविशंकर और भारतीय संगीत को पश्चिम में काफी लोकप्रियता मिलने लगी। हैरिसन ने अपने बैंड बीटल्स में सितार को भी शामिल कर लिया। उसने एक राग बनाई, जिसे 'रॉक' के रूप में जाना गया। हालांकि बाद में हैरिसन ने शंकर के निर्माता के रूप में काम करना शुरू कर दिया।

**निजी जीवन:** पंडित रविशंकर के निजी जीवन में काफी उतार चढ़ाव आए। वहीं उनके रिश्ते भी टूटते और बनते रहे। साल 1941 में शंकर ने अन्नपूर्णा नामक महिला से विवाह किया। जिससे उनके एक बेटे का जन्म हुआ। बेटे का नाम शुभेंद्र शंकर था। लेकिन इसके बाद उनका एक नर्तकी के साथ संबंध हो गया। जिसके कारण उनकी शादी टूट गई। हालांकि बाद में शंकर का नर्तकी के साथ भी रिश्ता खत्म हुआ। इसके बाद वह न्यू-यॉर्क की एक कॉन्सर्ट निर्माता सू जोन्स के साथ रिश्ते में आ गए। लेकिन साल 1986 में इस रिश्ते ने भी दम तोड़ दिया। फिर पंडित रविशंकर ने सुकन्या राजन से शादी रचाई। इस शादी से उनको एक बेटी हुई जिसका नाम अनुष्का शंकर है। वहीं साल 1992 में रविशंकर के बेटे शुभेंद्र शंकर की निमोनिया से मौत हो गई। बेटे की मौत ने रविशंकर को कुछ ज्यादा ही आध्यात्मिक बना दिया था। उन्होंने नॉनवेज खाना भी छोड़ दिया था। **अवार्ड्स :** 1962- नाटक अकादमी पुरस्कार 1967- पद्म भूषण 1981- पद्म विभूषण 1999- भारतरत्न 1967- ग्रैमी अवॉर्ड 1973- एल्बम ऑफ द ईयर ग्रैमी अवॉर्ड- पंडित रविशंकर ने अपनी पूरे जीवन काल में पांच ग्रैमी पुरुस्कार जीते थे। इसके साथ ही उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। **मौत:** कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में 11 दिसंबर 2012 को पंडित रविशंकर का 92 साल की उम्र में निधन हो गया था। वह अपने अंतिम समय में श्वास और हृदय रोगों से पीड़ित थे। पंडित रविशंकर का आखिरी प्रदर्शन उनकी बेटी अनुष्का के साथ कैलिफोर्निया के टैरेस थिएटर में हुआ था। बता दें कि शंकर की बेटी अनुष्का शंकर सितार वादक होने के साथ ही संगीतकार भी हैं। अब वही अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।

## राशिफल





मेष-:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

वृष-:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

मिथुन-:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

कर्क-:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

सिंह-:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

कन्या-:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

तुला-: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

वृश्चिक-:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

धनु-:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

मकर-:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

कुंभ-:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

मीन-:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






विज्ञापन प्रतिनिधि
श्री सुजीत कुमार
मो. 7007632314

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।